हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 20 अप्रैल 2025

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

### अगले तीन दिनों में चार डिग्री तक और तापमान बढ़ने की संभावना

# पांच दिनों से तापमान 40 पार, हीटवेव का सेहत पर असर, वायरल की चपेट में जिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गर्मी का तांडव हर गुजरते दिन के साथ बढ़ता ही चला जा रहा है। अंचल में पिछले पांच दिनों से अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा है। वहीं शनिवार को यह 42 डिग्री पर रहा। इतना ही नहीं दिन के अलावा अब रातें भी गर्म होने लगी है। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 2 डिग्री अधिक यानि 26 डिग्री पर पहुंच चुका है। ज्ञात हो कि 40 डिग्री से अधिक तापमान होने पर हीटवेव के हालात निर्मित होते है। हीटवेव का सीधा असर लोगों की सेहत पर देखने को मिल रहा है।

आलम यह है कि जिले में वायरल के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। अस्पताल पहुंचने वाला हर पांचवा मरीज वायरल के संक्रमण से ग्रसित है। डॉक्टरों का कहना है कि अभी हीटवेव के गंभीर मामले सामने नहीं आ रहे है, लेकिन आगे गर्मी और बढ़ने पर लोगों को गंभीर शिकायतें हो सकती है। ऐसे में सावधानी बरतना जरूरी हो गया है। इधर बच्चे 40 डिग्री तापमान में स्कूल आना-जाना कर रहे हैं। ऐसे में बढ़ती गर्मी को देखते हुए अब स्कूलों में छुट्टी की मांग बढ़ने लगी है। ज्ञात हो कि सामान्य तौर पर जब तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री से 6.4 डिग्री अधिक हो जाता है, तो हीटवेव की घोषणा की जाती है। यदि तापमान सामान्य से 6.4C से अधिक दर्ज किया जाता है, तो यह गंभीर हो जाता है। राजनांदगांव जिले में शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 4 डिग्री अधिक, 43 डिग्री सेल्सियस पर रहा।

**खास बातें**

- वायरल के ठीक होने में लग रहे 5 से 7 दिन समय
- बिना काम घर से ना निकले, पानी पर्याप्त पीएं
- तेज बुखार, सर्दी और पेट खराब होने की समस्या
- अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या



### बच्चे-बुजुर्गों के साथ बीमार पर अधिक असर

तेज गर्मी की वजह से डिहाईड्रेशन यानि शरीर में पानी की कमी होने लगती है। जिसका खतरा बच्चों, बुजुर्गों और शुगर पेशेंट्स को ज्यादा होता है। डायबिटिक्स को तो बार-बार यूरिन के चलते डिहाईड्रेट होने का डर रहता है। यूरिन प्रॉब्लम का जिक्र हुआ है तो बता दें कि इस मौसम में कम पानी पीने वालों को यूरिन इंफेक्शन का खतरा ज्यादा होता है। पानी कम पीने से बैक्टीरिया बॉडी से बाहर नहीं निकल पाते और इंफेक्शन की वजह बनते हैं।

### प्रदेशभर में बढ़ा तापमान

वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का प्रभाव खत्म होने के साथ गर्मी फिर से तेज होने लगी है। शनिवार को राजनांदगांव के अलावा दुर्ग, बिलासपुर, रायपुर, कोरबा जैसे शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। हालांकि सबसे ज्यादा गर्मी राजनांदगांव जिले में रही। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के आधे से ज्यादा शहर हीटवेव की चपेट में आ गए हैं। आने वाले दिनों में कुछ शहरों में पारा 46 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर जा सकता है। जिनमें राजनांदगांव जिला भी शामिल है।

### सीधे दुकान से दवा ले रहे लोग

मेडिकल स्टोर्स में इन दिनों सर्दी, खांसी, बुखार जैसी समस्याओं की दवाओं की बिक्री में काफी इजाफा देखने को मिला है। लोग बिना डॉक्टर से परामर्श लिए सीधे मेडिकल स्टोर्स से दवा ले रहे हैं। बीमार होने वाले लोगों में बच्चे, बुजुर्ग के साथ ही शुगर-बीपी जैसी बीमारियों से ग्रसित लोग शामिल हैं।



**शरीर में कमजोरी, तेज बुखार लक्षण:** डॉ. प्रकाश खुंटे ने बताया कि हीटवेव के कारण लोगों का शरीर कमजोर हो जाता है। जिससे वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। अत्याधिक गर्मी के संपर्क में रहने से पेशाब में जलन, तेज बुखार और सर्दी, चक्कर आना जैसी समस्याएं हो सकती है। गंभीर मामलों में हीट स्ट्रोक के कारण सिरदर्द, सांस लेने में कठिनाई, भ्रम और जानलेवा समस्याएं भी हो सकती है। ऐसे में लोगों को पर्याप्त पानी पीना, ठंडी जगह पर रहना और ढीले-ढ़ाले कपड़े पहनने जैसे सावधानियां बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हीटवेव में शरीर दर्द, बेहोश, तेज बुखार जैसी हालत में तुरंत अस्पताल में भर्ती करना चाहिए।

### 16 घंटे बंधा रहा घर मालिक, तबीयत बिगड़ी

# चोरी करने घर मालिक को पलंग से बांधा, ले उड़े कीमती सामान!



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

सड़क अतरिया में चोरी की वारदात एक बार फिर बढ़ने लगा है। इस बार की घटना के बाद से ग्रामीण दहशत में आ गए हैं। वारदात में मकान मालिक की जान बड़ी किस्मत से बचना बताया जा रहा है। अज्ञात चोरों ने घर के मालिक को बिस्तर पर हाथ-पैर को रस्सी से बांध दिया था तथा मुंह नाक को चौड़ा टेप से पट्टी मार दिया था तथा मुख्य दरवाजा को बाहर से ताला लगा दिया था। लगभग 16 घंटे बाद ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुई, तब ताला तोड़कर मालिक को मुक्त कराया गया। उक्त व्यक्ति की तबीयत बिगड़ जाने से उसे जिला चिकित्सालय कवर्धा में उपचार कराया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव का भगवती प्रसाद राज मिस्त्री का काम करता है। गुरुवार को मोहल्ले के दो घरों में शादी का कार्यक्रम चल रहा था। भगवती के घर के सभी सदस्य अन्य गांव शादी में चले गए थे। जिससे वह घर पर अकेला था। रात को करीब 9 - साढ़े 9 बजे वह मोहल्ला के शादी में शामिल होकर घर आ गया और सो गया था। प्रार्थी के बताए अनुसार आधी रात करीब 12 बजे उसके घर के आलमारी को कोई खोल रहा था। नींद से जागने पर वह उस चोर को पकड़ लिया, तभी पीछे से कोई दूसरा व्यक्ति आया और उसे पकड़कर मुंह को एक गंदयुक्त कपड़ा से ढंक दिया। जिससे वह अचेत हो गया। कुछ घंटों बाद जब उसकी नींद खुली तो वह अपने को बिस्तर में बंधा पाया। दोनों हाथ, दोनों पैर मजबूत ⏩ शेष पेज 14 पर

**चोरी का आंकलन बाकी:** प्रार्थी के बताए अनुसार चोरों की संख्या पांच होना बताया जा रहा है, पर उसके घर में कितना रकम और क्या-क्या सामान चोरी हुआ है। इसकी जानकारी अभी नहीं हो पाया है। घर पर आलमारी, पेटी खुला तथा सामान बिखरा पड़ा है। प्रार्थी सहित घर के सदस्य जब चिकित्सालय से वापस आते हैं, तब चोरी की रकम की पुष्टी हो पाएगा।

### कहराने की आवाज से जाना पड़ोसी

घटना के लगभग 16 घंटे बाद दूसरे दिन शुक्रवार को शाम तकरीबन 4 बजे पड़ोसी अपने आंगन में काम करते हुए उसके घर से कहराने की आवाज सुना। पहले तो उसने आवाज को नजर अंदाज किया, पर लगातार आवाज आते रहने से कुछ शक हुआ, तब अन्य पड़ोसियों को बुलाकर दरवाजा को देखा। जिसमें बाहर से ताला लगा था, पर आवाज लगातार आ रही थी, तब किसी अनहोनी को भांपकर पीछे के खिड़की जो ईंटों से ढंका था, उसे हटाकर देखा तो सभी सन्न रह गए। भगवती बिस्तर में बंधा, मुंह में टेप लगा पड़ा था। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दिया और ताला तोड़कर भगवती को बंधक से छुड़ाया। उसकी तबीयत काफी खराब लगने से उसे गंडई चिकित्सालय लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार कर कवर्धा रिफर कर दिया, जहां उसकी हालत बेहतर बताया जा रहा है। इधर गंडई पुलिस मौका मुआयना कर अपनी तहकीकात में लग गई है।

# चालीस लाख रुपए के चार इनामी नक्सली गिरफ्तार, कई बड़ी वारदातों में थे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाराष्ट्र गढ़चिरौली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नक्सली विरोधी अभियान के तहत पल्ली जंगल क्षेत्र में संदिग्ध घूमते चार नक्सली को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।



पकड़े गए चारों नक्सलियों के लिए महाराष्ट्र सरकार ने कुल 40 लाख रुपए के ईनाम की घोषणा की थी। गढ़चिरौली पुलिस सूत्रों के अनुसार 19 अप्रैल को भामरागड़ सब डिवीजन के अंतर्गत पोस्ट तडगांव से एक पुलिस टीम और 9 बटालियन सीआरपीएफ की एफ कंपनी के जवान संयुक्त माओवादी विरोधी अभियान चला रहे थे। उन्हें पल्ली जंगल क्षेत्र में चार संदिग्ध व्यक्ति घूमते हुए मिले, जिन्हें टीम के जवानों ने हिरासत में ले लिया।

### हमला करने जंगल में थे

पुलिस के अनुसार जांच के दौरान पता चला कि चारों व्यक्ति पुलिस रिकॉर्ड में सक्रिय माओवादी हैं और हमला करने के इरादे से पल्ली जंगल क्षेत्र में घुसे थे। साथ ही पुलिस जांच में यह भी पता चला कि ये चारो माओवादी हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार बाद में जब उन्हें आगे की पूछताछ के लिए पुलिस उप-मुख्यालय प्रहनीता लाया गया तो उक्त व्यक्तियों ने अपना नाम सायलु भूमैया मुद्देला उर्फ रघु उर्फ प्रताप उर्फ इरपा (डीवीसीएस दक्षिण गढ़चिरौली डिवीजन) 55 वर्ष, जैनी भीमा खरातम उर्फ अखिला उर्फ रामे (डिवीसीएम भामरागध दलम, सचिव भामरागध एरिया कमेटी) 41 वर्ष, झांसी दोनों तलांडी उर्फ गंगू (सदस्य, भामरागढ़ दलम) 30 वर्ष, मनीला पिडो गावडे उर्फ सरिता (सदस्य, भामरागड दलम) 21 साल बताया।

**सट्टा का आरोपी पकड़ाया / राजनांदगांव।** गैंदाटोला पुलिस ने धरपकड़ अभियान के तहत 18 अप्रैल को गैंदाटोला फारेस्ट डिपो के पास सट्टा पट्टी लिखने के आरोपी शेरसिंह 25 वर्ष को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपी के कब्जे से 1 नग सट्टा पट्टी, पेन, कापी व 820 रुपए बरामद किया गया।

# चाकू लेकर लोगों को किया भयभीत, 3 आरोपी पकड़ाए

**राजनांदगांव।** चाकू लेकर लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को सूचना मिली कि एक बमंड कॉलोनी के पास मोहारा रोड, दिग्विजय कॉलेज के पास सागरपारा एवं बांस डिपो के पास आम स्थान पर हाथ में धारदार चाकू रखकर व लहराकर आने-जाने वाले आमजन को आरोपी डरा-धमका कर भयभीत कर रहा है। सूचना पर पुलिस की पृथक-पृथक टीम गठित कर कार्रवाई हेतु रवाना किया गया है। गठित टीम द्वारा अलग-अलग स्थानों से आरोपी वंश यादव, प्रदीप पटेल एवं रितेश यादव उर्फ लारो को धारदार चाकू लहराते हेतु रंगे हाथों पकड़ा गया।

### आरोपियों से चाकू जब्त

आरोपियों के कब्जे से लोहे का धारदार चाकू जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री रोग विभाग
उपलब्ध सुविधाएं...
+ सभी उच्च जोखिम वाले गर्भधारण का प्रबंधन
+ सुरक्षित और सफल गर्भावस्था देखभाल
+ सामान्य प्रसव/दर्द रहित प्रसव और सीजेरियन जन्म
+ लैप्रोस्कोपी और कैंसर सहित गाइन सर्जरी
+ बांझपन का उपचार, + हिस्ट्रोस्कोपी
+ स्त्री रोग संबंधी सभी विकारों का उपचार
+ चिकित्सा और शल्य चिकित्सा संबंधी विकार
OPD : 1 PM to 5.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

**खबर संक्षेप**

### भूरे नांदगांव और चंद्रवाल बने केसीजी कलेक्टर





**राजनांदगांव।** राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने शनिवार की देर शाम एक आदेश जारी कर राजनांदगांव के कलेक्टर संजय अग्रवाल को बिलासपुर का नया कलेक्टर नियुक्त किया है। उनके स्थान पर आईएएस भूरे सर्वेश्वर नरेन्द्र को राजनांदगांव का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। वहीं खैरागढ़ के कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं में पदस्थ करते उनके स्थान पर आईएएस इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल को पदस्थ किया गया है।






## खबर संक्षेप

### जयंती महोत्सव आज

**पटेवा।** केकराजबोड़ में कल 20 अप्रैल को परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन परिक्षेत्रीय साहू समाज करमतरा एवं ग्राम इकाई केकराजबोड़ के तत्वावधान में किया गया है। अतिथि सांसद संतोष पांडेय, विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिपं सदस्य सुश्री शताक्षी सिंह होंगी। अध्यक्षता टीलेश्वर साहू करेंगे । विशिष्ट अतिथि के रुप में कोमल जंघेल, गिरधारी लाल साहू, घम्मन साहू, सौरभ साहू, दशरथ बघेल शामिल होंगे। इस मौके पर कवि जीवन यदु राही, दूजराम साहू, पद्मा साहू प्रस्तुति देंगी।

### ट्रेनिंग के लिए संदीप वर्मा चयनित

**डोंगरगांव।** पीएमश्री योजना अंतर्गत स्थानीय पीएमश्री आत्मानंद स्कूल में पदस्थ व्याख्याता संदीप कुमार वर्मा भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान



संस्थान पुणे जाएंगे। प्रतिष्ठित संस्थानों के शिक्षकों के कौशल विकास कार्यक्रम अंतर्गत चतुर्थ चरण में पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय से व्याख्याता संदीप कुमार वर्मा का चयन भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण के लिए हुआ है। पीएमश्री समन्वय आशीष गौतम के नेतृत्व में 132 व्याख्याताओं की टीम 25 अप्रैल उपरोक्त पुणे प्रस्थान करेगी। इस प्रशिक्षण में विज्ञान एवं गणित के विभिन्न विषयों पर वैज्ञानिकों, विषय विशेषज्ञों द्वारा चर्चा व क्रियाकलाप संपादित होंगे।

### कांग्रेस का धरना महज नौटंकी

**डोंगरगढ़।** जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कांग्रेस के प्रदर्शन को नौटंकी करार देते हुए कहा कि भाजपा सरकार शराब बिक्री को रोकने कटिबद्ध है। उन्होंने कि कांग्रेस शासन काल मे नगर सहित आसपास के गांवों में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से किया जा रहा था वह किसी से छुपा नहीं है। रँगकठेरा, मेढ़ा मे दादागिरि करते हुए शराब बेचा जा रहा था जिसे भाजपा सरकार ने बंद करवा दिया है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ प्रदर्शन कर कांग्रेस अपने लिए राजनीतिक जमीन तलाश रही है।

### जिपं अध्यक्ष ने किया आवास का भूमिपूजन

**छुरिया।** जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने आगामी 30 अप्रैल तक



चलने वाले प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के सर्वे कार्यक्रम में सहभागिता निभाते हुए शिकारीटोला के हितग्राहियों से मुलाकात की। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि पीएम आवास योजना से गरीब परिवारों को पक्का मकान मिल रहा। यह सिर्फ मकान नहीं, बल्कि गरीबों की आत्मनिर्भरता की पहचान है। उन्होंने बताया कि आवास योजना से वंचित लोगों का इन दिनों सर्वे किया जा रहा है। उन्होंने शिकारीटोला में दो प्रधानमंत्री आवास की हितग्राही हेमलता सेवता एवं द्रौपदी सेवता के आवास का भूमिपूजन किया। इस मौके पर जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, सरपंच सरिता चंद्रवंशी, सेवक साहू, तोरण मंडावी, प्रीतम साहू, पूनम साहू, लीलाबाई, सरिता कंवर, शैलेश, मिलेन्द चंद्रवंशी, जनपद सीइओ आदि उपस्थित थे।

### प्ले स्कूल में परिणाम घोषित

**डोंगरगांव।** नगर के चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कूल में शनिवार को वार्षिक परीक्षा के परिणाम की घोषणा संस्था प्रमुख अनिल रुपलानी ने किया। कक्षा



केजी में प्रथम अयान मेश्राम, द्वितीय नव्यता कुंभकार, पियूषा गौतम, तृतीय आर्यन कांडे, केजी वन में प्रथम आव्या पंसारी, द्वितीय रुद्र देवांगन, आरव चक्रधारी, तृतीय अविका कुंवर, कक्षा नर्सरी में प्रथम मेहुल जैन, द्वितीय सानवी साहू, तृतीय मेहुल भट्ट, कक्षा प्ले ग्रुप में आदित्य सोनी, आदित्य गुप्ता, अद्विक महेश्वरी, अदिति नाहटा, अर्णव देवांगन, नीलांश साबला, नोमीत ठाकुर, प्रियांशी जैन, रुद्र महेश्वरी, सानवी जैन, युवांस महेश्वरी, देव चैतन्य प्रथम रहे। शिक्षिका पायल कुंजाम, यशस्वी उके, चंचल यदु, सदस्य स्वाति पंसारी, चंचल गांधी, दीपिका कुंवर, अंकित गुप्ता, स्वाति गुप्ता ने सफल बच्चों को बधाई दी है।



### पीएम आवास का सर्वे

**बांधाबाजार।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वे पखवाड़ा के तहत जनपद सदस्य संदीप मेश्राम ने ग्राम की पूर्णिमा यादव का सर्वेक्षण किया गया। इस दौरान सरपंच, पंच, रोजगार सहायक, आवास मित्र, आंगनबाड़ी सहायिका आदि उपस्थित थे।

## आधा दर्जन गांव के बिजली उपभोक्ता परेशान

# बिजली कटौती के विरोध में देर रात किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

अघोषित विघुत कटौती के विरोध में लाल बहादुर नगर सहित आधा दर्जन गांव के ग्रामीणों देर रात डोंगरगढ़- चिचोला मार्ग को जाम कर दिया। ग्रामीणों के आंदोलन की खबर लगते ही डोंगरगढ़, राजनांदगांव, चिचोला पुलिस सहित अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लालबहादुर नगर, मानिकपुर, गोविंदपुर, मक्काटोला, खुबाटोला, बरमपुर सहित अन्य गाँव में आए दिन बिजली गुल हो जाती है। जब बिजली सप्लाई होती है तो लो वोल्टेज की समस्या रहती है जिसके कारण पेयजल सप्लाई, बच्चों की पढ़ाई और सिंचाई बाधित हो रही है।

### देर रात तक हंगामा

बिजली को लेकर विरोध प्रदर्शन रात 2 बजे तक चलते रहा। इस दौरान सैकडों वाहन फंसे रहे।वाहन में सफर करने वाले कई परिवारों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली आपूर्ति को लेकर डीईई नरेंद्र साहू ने बताया कि लालबहादुर नगर के फीडर में लोड शेड अधिक होने के कारण परेशानी बनी रहती है। 15 अप्रैल को फीडर में ब्लास्ट होने से विघुत आपूर्ति ठप्प हो गई थी। टेक्निशियन बुलाकर देर रात सुधार कार्य किया गया। उन्होंने बताया कि भंडारपुर में 132 केबी सब स्टेशन तैयार होने के बाद ही स्थिति में सुधार हो पाएगा।

### क्षमता से ज्यादा कनेक्शन देने का आरोप

आक्रोशित ग्रामीणों का आरोप है कि बेजा वसूली का मनमाने ढंग से अस्थाई कनेक्शन दिया गया है जिसके कारण लोड शेड की स्थिति निर्मित हो गई है। ग्रामीणों के आरोप को एसडीएम ने गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र के पटवारी को अस्थाई कनेक्शन की जांच करने आदेशित किया है।

ग्रामीणों ने बताया कि बिजली सप्लाई की स्थिति से अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी सुधार नहीं हो रही है उल्टे समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रही है। स्थिति यह आ गई है कि क्षेत्रवासियों को समय पर पानी तक नहीं मिल रहा है।

# चार गार्डन बदहाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू होने के साथ ही बच्चे खेलने एवं मनोरंजन के लिए पार्क या अन्य खाली जगहों की तलाश में रहते है ताकि वह दोस्तों एवं परिजनों के साथ खेलने के अलावा समय गुजार सके।

उल्लेखनीय है कि खेलने से बच्चों का शारीरिक, मानसिक विकास होता है। बुजुर्गों एवं डाक्टर भी बच्चों को इंडोर से ज्यादा आउटडोर खेल खेलने की सलाह देते है। सिकुड़ती गलियां, लुप्त होते खेल मैदान के चलते बच्चे इंडोर खेल खेलने मजबूर है। वहीं बच्चे अब मोबाइल के आदि होते जा रहे है।

बच्चों को व्यवस्थित गार्डन उपलब्ध हो तो बच्चे आउटडोर खेल खेलना पसंद करेंगे। नगर में वैसे तो चार गार्डन हैं, परंतु ऐसा एक भी नहीं है जो बच्चों को आकर्षित कर सके। शहर के सभी सभी गार्डन बर्बाद हो चुके हैं। बच्चे इन पार्कों में जाना पसंद नही करते। सभी गार्डनों में खेल सामग्री, घास, पौधे सहित उन सामानों की कमी है जिसके कारण गार्डन को व्यवस्थित कहा जा सके। एक गार्डन ऐसा भी है जो नगर से इतनी दूर है कि बच्चे बिना पालक के वहां नहीं जा सकते।

### मरम्मत कराया जाएगा

सीएमओ ने बताया कि प्रस्ताव कर गार्डनों में लाइट लगवाया जाएगा। मरम्मत संधारण अंतर्गत मरम्मत कराया जाएगा। जल्द ही गार्डनों की स्थिति में सुधार किया जाएगा।

### यह है चार गार्डन

जानकारी के अनुसार वार्ड 8 में पुष्प वाटिका है। जिसका निर्माण 2002 में 9 लाख की लागत से किया है। यह 100 डिसमिल में फैला है। इसी प्रकार वार्ड छह में चुम्मन पार्क का निर्माण 1997 में 5 लाख की लागत से किया गया है। इस पार्क का क्षेत्रफल 80 डिसमिल है। वार्ड 8 स्थित अंबेडकर पार्क 2002 में 2 लाख की लागत से बना है। इसी तरह वार्ड एक में 11 लाख की लागत से चिल्ड्रन पार्क से बनाया गया है। यह 200 डिसमिल में निर्मित है।

### गार्डन होना आवश्यक

नगर के हेमंत यादव ने बताया कि गर्मियों की छुट्टी शुरू हो गई है। शाम को बच्चे और बुजुर्ग मन बहलाने के लिए निकलते है परंतु गंडई में गार्डन की स्थिति सही नही होने के कारण उन्हें भटकना पड़ता है। प्रशासन को गार्डनों की स्थिति ठीक करने की दिशा में पहल करना चाहिए।

### सुधार किया जाए

आशीष अग्रवाल ने कहा कि गंडई में चार गार्डन हैं पर कोई भी ऐसा नहीं है कि बच्चे और बुजुर्ग वहां जाकर समय व्यतीत कर सके। गार्डनों के सुधार के लिए प्रयास किया जाना जरूरी है।

### गार्डन में केयर टेकर नहीं

जानकारी के अनुसार गार्डनों की रखरखाव के लिए कुछ वर्ष पहले केयरटेकर रखा गया था। कुछ गार्डन का जीर्णोद्धार भी कराया गया था। वर्तमान में किसी भी गार्डन में केयर टेकर नहीं है। देखरेख के अभाव में कुर्सियां गायब हो चुकी हैं। लोहे के सामानों को गायब कर दिया गया है। सभी गार्डन असमाजिक तत्वों का अड्डा बन गए हैं। असमाजिक तत्व गार्डन का उपयोग नशाखोरी के लिए करते हैं।

# लकड़ी से भरा पिकअप पोल से टकरायी

**सड़क अतरिया।** ग्राम में शनिवार को बड़ा हादसा टल गया। शीशम, नीम लकड़ी से भरा तेज रफ्तार पिकअप सड़क किनारे लगे बिजली खंभे से जा टकराया। वाहन घर से टकराता तो बड़ा हादसा हो सकता था।



जानकारी अनुसार शनिवार को पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 18 एन 0980 नर्मदा से छुईखदान की ओर लकड़ी भरकर जा रहा था। वार्ड 7 निवासी बिसनाथ घर के पास पहुंचा के बाद लहराते हुए बिजली खंभे से टकरा गया। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार वाहन चालक काफी तेज रफ्तार में वाहन चला रहा था। वाहन ने अनियंत्रित होकर बिजली पोल को टक्कर मार दिया। वाहन की रफ्तार इतना ज्यादा थी कि वाहन के सामने का हिस्सा करीब तीन फीट ऊपर चढ़ गया। सामने का हिस्सा और टायर क्षतिग्रस्त हो गया। वाहन की टक्कर से खंभा झुक गया है जिसमें करंट सप्लाई हो रही थी। ग्रामीणों ने विभाग को सूचना देकर बिजली सप्लाई बंद कराया।

### पेड़ों की कटाई जारी

क्षेत्र में महिने भर से खेत एवं जंगल से पेड़ों की कटाई हो रही है। बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई कर ईंट भट्ठा, फर्नीचर बनाने सहित अन्य कामों में लकड़ी खपाया जा रहा है। क्षेत्र से बड़ी मात्रा में लकड़ियों की बाहर सप्लाई हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार दुर्घटना ग्रस्त वाहन में शीशम, नीम की गीली लकड़ी लोड थी जिसे त्रिपाल से ढक कर ले जाया जा रहा था।

## महिला बाल विकास के पोषण आहार पखवाड़ा

**डोंगरगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण आहार पखवाड़ा आगामी 22 अप्रैल तक मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में गत दिनों पालिकाध्यक्ष रमन डोंगरे शामिल हुए। उन्होंने सभी महिलाओं को पोषण आहार की जानकारी दिया। उन्होंने महिला बाल विकास अधिकारी से महिलाओं को दिए जा रहे पोषण आहार की जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गर्भवती एवं सामान्य महिलाओं को पौष्टिक आहार करना चाहिए। अधिक से अधिक ताजा भोजन, फलों का सेवन और गर्मी को देखते हुए अधिक से अधिक पानी का सेवन करना चाहिए। उन्होंने घर से बाहर निकलते समय चेहरे को स्कार्फ से ढकने की सलाह दी। इस अवसर पर संतोष राव, दीपक ठाकुर, रेखा राघोर्ते, बबिता मलागर, शिवांगी साखरे सहित अन्य उपस्थित थे।

# भूमिपूजन के बाद भी 3 करोड़ के कार्य अटके

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- सांसद पांडेय कर चुके भूमिपूजन
- कार्य को गति देने में पालिका की रूचि नहीं

पालिका चुनाव के पहले 3 करोडों के कार्य स्वीकृत हुए थे। टेण्डर प्रक्रिया के बाद वर्क आर्डर जारी कर दिया गया है किन्तु अब तक निर्माण कार्य की शुरूवात नहीं हो सकी है। पालिका प्रस्तावित कार्यों को शुरू करने को लेकर पहल भी नहीं कर रही है।

उल्लेखनिय है कि सांसद संतोश पांडे ने अधोसंरचना मद से लगभग 3 करोड के कार्य स्वीकृत कराए थे। शुरूवाती दौर में आपसी गुटबाजी और पालिका में कांग्रेस का दबदबा होने के कारण टेण्डर प्रक्रिया पर विवाद खडे हो गए थे। तत्कालीन अध्यक्ष सुदेष मेश्राम ने बिना प्रस्ताव के राशि स्वीकृत कराने का आरोप लगाते हुए स्वीकृत राशि रोकने को लेकर हल्ला मचाया था।

कांग्रेसियों के विरोध के बाद भी सांसद पांडे ने प्रस्तावित कार्यों भूमिपूजन कर दिया था। तमाम प्रक्रिया होने के बाद भी प्रस्तावित कार्य की अब तक शुरूवात नहीं हो सकी है जबकि वर्तमान में पालिका में भाजपा का आधिपत्य है। बताया जा रहा है कि स्वीकृति के बाद राशि पालिका को नहीं मिली है। सीएमओ सीके शर्मा ने बताया की जिन ठेकेदारों ने वर्क आर्डर जारी होने के बाद भी निर्माण शुरू नहीं किया है उन्हे नोटिस जारी किया जाएगा।

# सनडोंगरी स्कूल में पालक सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुढ़ीपार

प्राथमिक शाला सनडोंगरी में गत दिनों पालक सम्मलेन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत के सभापति अरुणा बनाफर थे। अध्यक्षता सावित्री यादव ने की। विशिष्ट अतिथि पुरुषोत्तम साहू, सुरेंद्र वर्मा, कुमेश साहू, नरोत्तम सिन्हा, डीआर निर्लमलकर, कांति केशव साहू, खेम सिन्हा, छबिल वर्मा, कृष्णा वर्मा, रूपसिंग कंवर, लादूराम साहू थे। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों ने मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। राज्य गीत के साथ वार्षिक पालक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आरंभ हुआ।

स्वागत भाषण में लादूराम साहू ने विभिन्न गतिविधियों की जानरी दी। उन्होंने अतिथियों के समक्ष शाला प्रांगण में चेकर टाईल्स एवं पक्की सड़क तक सीसी सड़क निर्माण की मांग रखा। इस मौके पर बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



### न्योता भोज आयोजकों का सम्मान

इस मौके पर प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत न्योता भोजन प्रदानकर्ता महिला समूह, कीर्ति दिनेश वर्मा, मध्यान भोजन संचालन समूह, चिंताराम कंवर, सीमा जलेश्वर वर्मा, महेश वर्मा, चैतराम वर्मा, सावित्री यादव, सुनील जैन, युगल किशोर, मंजू साहू, मोहन रुखमणी वर्मा, लादूराम साहू, बीरेंद्र वर्मा, किशन कुमार, नारायण कंवर, जीतू यादव, रोशन यादव, जानकी यादव, संजना यादव, सुलोचना यादव, मुलिया यादव, जागेश्वरी यादव, जमुना यादव, लक्ष्मी कंवर, लोकेश्वरी कंवर, नंदनी यादव, टाकेश गोंड़, महेश वर्मा का सम्मान किया गया। अतिथियों ने हेमा कंवर पिता पुनाराम कंवर का एकलव्य विद्यालय पेंड्री में प्रवेश के लिए चयन होने पर बधाई दी। इस दौरान जिपं सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच, पंच का भी सम्मान किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन युगल किशोर साहू ने किया। इस अवसर पर दिलीप वर्मा, कमला यादव, रविता कंवर, मोहन वर्मा, विमला वर्मा, निर्मला यादव आदि मौजूद थे।

# अत्याचार के विरोध में विहिप ने सौंपा ज्ञापन

**डोंगरगढ़।** पश्चिम बंगाल में हिन्दुओ पर हो रहे अत्याचार को रोकने में राज्य सरकार के असफल होने के मामले को लेकर विहिप के जिला अध्यक्ष तरूण हत्थेल की उपस्थिति में हिन्दु संगठन के पदाधिकारी



एवं कार्यकर्ताओं ने अनुविभागिय अधिकारी को महामहिम राष्ट्रपति के नाम से ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने दोषियों पर कारवाई और राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की है। अध्यक्ष हत्थेल ने कहा कि वक्फ बोर्ड संसोधन विधेयक के विरोध में कुछ लोगों द्वारा हिन्दुओं पर जान लेवा हमला किया जा रहा है। लोगों के मकानो को जलाया जा रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान परविंदर सिंग मोटी, हनी गुप्ता, विमल अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, शुभम परिहार, भावेश निर्मलकर, चुरामणी चंदेल, प्रवीण शुक्ला, हेमंत सिन्हा, युवराज साहू, संजय जंघेल, बीएल वर्मा, बालमुकुंद तराने, ऋषभ डकहा उपस्थित थे।

### काम पर लौटे पंचायत सचिव

**डोंगरगढ़।** एक माह तक हड़ताल के पंचायत सचिव संघ के प्रतिनिधि मंडल ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से चर्चा के बाद अपने आंदोलन को स्थगित कर दिया था। संघ ने हड़ताल को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन करने वाले सरपंच संघ, कर्मचारी फेडरेशन, शिक्षक संगठन, रोजगार सहायक संघ, मिडीया का आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी संघ के ब्लाक अध्यक्ष राजाराम उईके ने दी।

# पीएम आवास का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

सांसद संतोष पांडेय और जिला सीईओ ने ग्राम पंचायत घोरदा पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे मकानों का निरीक्षण किया।

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने ग्राम की राजोबाई पिता सुंदरलाल के यहां पहुंचकर आवास निर्माण का निरीक्षण किया। इसी प्रकार सासंद पांडेय ने ग्राम की सोहागाबाई पति मधु श्रीवास के यहां पहुंच कर प्रधानमंत्री आवास प्लस 0.2 का सर्वे किया। निरीक्षण के दौरान 30 घरों को पूर्ण, 21 घरों का प्रगतिशील पाया गया। प्रधानमंत्री आवास प्लस 0.2 के तहत 105 घरों का सर्वे पूर्ण पाया गया। इस दौरान जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जनपद सदस्य उमेश साहू, सरपंच सूर्यकांत साहू, उपसरपंच राकेश साहू, पंच विजय कन्नौजे, आवास मित्र बलराम गोस्वामी, रोज़गार सहायक नोकेश्वरी साहू आदि मौजूद थे।



## भ्रामरी माता मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

# श्रद्धा और भक्ति के साथ ज्योति विसर्जित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

भड़भड़ी जंगल स्थित भवरदाह में विराजित भ्रामरी माता के मंदिर में प्रज्वलित ज्योति का नवमीं को श्रद्धा और भक्ति के साथ विसर्जन किया गया। इस अवसर पर 200 सौ से अधिक भक्त उपस्थित थे। ज्योति विसर्जन के लिए सुबह 9 बजे शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में 103 भक्त सिर पर ज्योति कलश धारण कर शामिल हुए।



जसगीत के साथ शोभायाद्धा नदी तक गई। उल्लेखनीय है कि राजमाता लक्ष्मीबाई के सुपुत्र रणधीर सिंह की स्मृति में 10 अप्रैल को ज्योति कलश की स्थापना की गई थी। इस दौरान नगर और आसपास के भक्तों ने ज्योत जलवाया था। यहां तक पहुंचने के लिए इस वर्ष सुगम मार्ग बन जाने से प्रतिदिन भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। अष्टमी हवन पूजन में लगभग 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भ्रामरी माता और ज्योति के दर्शन किए थे। ज्योति कलश स्थापना के दौरान प्रतिदिन भक्तों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। राजपरिवार के युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, लाल देवेंद्र शाह खुसरो और करन शाह खुसरो ने इस वर्ष भवरदाह को विशेष रूप से आकर्षक बनाया था। भड़भड़ी से भवरदाह तक सड़कों पर मार्किंग करने के अलावा भवरदाह में लाइटिंग, भोजन भंडारे और श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था किया था। ज्योति विसर्जन के दौरान युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, बांके वर्मा, पार्षद तामेश्वर साहू, किसान समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### लोगों ने जाना भवरदाह को

सुगम सड़क और भवरदाह में ज्योति कलश स्थापना, बेहतर व्यवस्था के चलते दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों से र्ष भक्तों ने परिजनों के साथ भ्रामरी माता का दर्शन किया और भवरदाह जंगल, भ्रामरी माता, ज्योति कलश, मधुमक्खियों के छत्ते को करीब से देखा। लोग प्रकृति के बीच पहुंचकर उसकी सुंदरता से रूबरू हुए।

### आदर्श विवाह समारोह आज

**डोंगरगांव।** कोसरिया मरार समाज ने सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन कल 20 अप्रैल को निकटवर्ती ग्राम बगदई में किया है। यह आयोजन कोसरिया मरार पटेल समाज अंबागढ़ चौकी राज के तत्वावधान में रखा गया है। आयोजन संबंधी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। जानकारी के अनुसार इस आयोजन 14 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेगे। इस मौके पर समाज के उन प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया जाएगा।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस के प्रदर्शन को बताया बेबुनियाद

# कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर युवा मोर्चा ने किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस के प्रदर्शन को बेबुनियाद बताते हुए भाजयुमो ने कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर पुतला दहन किया।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने आरोप पत्र दायर किया है। इस मामले को लेकर कांग्रेस नेता जमकर हल्ला मचा रहे हैं। कांग्रेस के प्रदर्शन के जवाब में भाजयुमो ने काली मंदिर के समीप सभा आयोजित करने के बाद रैली निकाल कर कांग्रेस कार्यालय के सामने पुतला जलाया।

निर्धारित समय से पूर्व ही मोर्चा कार्यकर्ता काली मंदिर चौक पर जमा होने लगे थे। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पुतला जलाकर विरोध दर्ज किया।

## कांग्रेस के प्रदर्शन के जवाब में भाजयुमो ने आयोजित की सभा



### कांग्रेस का आरोप सरासर गलत

इस दौरान भाजयुमो के जिला अध्यक्ष आयश सिंह बोनी ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस का प्रदर्शन और आरोप बेबुनियाद है। जिला भाजपा उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि यह मामला यूपीए सरकार के कार्यकाल में दर्ज हुआ था। मामले की शुरुआत 2012 में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी की शिकायत से हुई थी। उन्होंने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड और यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के बीच संदिग्ध वित्तीय लेनदेन का खुलासा किया था। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस नेताओं ने एजेएल की संपत्तियों को गलत तरीके से हस्तांतरित किया। प्रवर्तन निदेशालय ने मामले की जांच के बाद 751.9 करोड़ की संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त किया। सभा को मंडल अध्यक्ष गंडई राकेश ठाकुर, जनपद सभापति ज्योति जंघेल नवनीत जैन ने भी संबोधित किया। संचालन युवा मोर्चा अध्यक्ष ललित चोपडा ने किया।

### रही नेताओं की उपस्थिति

पुतला दहन के दौरान अनिल अग्रवाल, शशांक ताम्रकार, जैनेन्द्र जंघेल, भावेश, राकेश ठाकुर, विक्रांत चंद्राकर, आयश सिंह, नवनीत, हरप्रसाद वर्मा, आलोक श्रीवास, महावीर जैन, प्रेम सागर गुप्ता, ललित चोपडा, लाल शौर्यादित्य सिंह, रवि भावनानी, पन्ना मंडावी, नरेश वर्मा, धनी पाल, शैलेश जैन, महावीर, ऋषभ सिंह, शैलेन्द्र मिश्रा, शशांक साहू, लेखराम साहू, हर्षदीप चीनू, कमलेश साहू, हर्षवर्धन वर्मा, अनीश दादू, गिरीश श्रीवास, सतीश महोबिया, किरण गुप्ता, प्रकाश जंघेल, राजू जंघेल, रवि मानिकपुरी, शिवांश सिंह, जयप्रकाश साहू, रेखचंद जंघेल, अनमोल सिंह, गुलाब चंदेल, विक्की कुर्रे, भानु साहू, प्रवीण सोनी, जीतेन्द्र पटेल, वेदांश सिंह, कुश सिंह, पवन सिंह, सतीश वर्मा, तीरथ वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# आधा दर्जन शिक्षकों को नोटिस कुछ के वेतन में कटौती के निर्देश

### ब्लाक शिक्षा अधिकारी ने किया स्कूलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र कुमार डड़सेना ने शनिवार को सड़क अतरिया, खैरा नवापारा, संड़ी सहित दर्जन भर से अधिक प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्कूलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित शिक्षक, समय पर नहीं पहुंचने वाले तथा समय से पहले स्कूल बंद मिले। शिक्षकों की लापरवाही को देखते हुए कुछ को कारण बताओ नोटिस तो कुछ का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया गया है।

जानकारी अनुसार शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र डड़सेना सबसे पहले प्राथमिक शाला लक्ष्मणपुर, महाराटोला पहुंचे। घिरघोली में प्रधानपाठक एवं सहायक शिक्षक साढ़े आठ बजे तक स्कूल नहीं पहुंचे थे। अधिकारी ने पाठकान पंजी में अनुपस्थित दर्शाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है।




### प्रधानपाठिका 3 दिनों से अनुपस्थित

खैरा नवापारा में एक शिक्षिका अनुपस्थित मिली जिसे भी नोटिस दिया गया है। प्राथमिक शाला जंगलपुर में प्रधान पाठिका बीते तीन दिन से अनुपस्थित मिली। इसी तरह प्राथमिक शाला लमरा में एक शिक्षक अनुपस्थित मिला जिसे नोटिस जारी किया गया है। पहाड़ी मानपुर में अधिकारी को साढ़े 10 बजे स्कूल बंद मिला। विद्यालय के सभी शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस भेजा गया है। मोहगांव में प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला में साढे 10 बजे ताला लटका पाया गया। अधिकारी ने प्रधान पाठक को नोटिस जारी करते हुए एक एक दिन का वेतन कटौती का निर्देश दिया है। उन्होंने प्राथमिक शाला मगरकुंड, हायर सेकंडरी स्कूल पैलीमेटा का भी निरीक्षण किया। भृत्य के अनुपस्थित मिलने पर एक दिन के वेतन कटौती का निर्देश जारी किया गया है।

### अधिकारियों को सौंपा सचिव का दायित्व

**राजनांदगांव।** सीईओ सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत हेतु नवगठित स्थायी समितियों के कार्रवाई संचालन हेतु अधिकारियों को स्थायी समितियों के सचिव का दायित्व सौंपा है। इसके अनुसार सामान्य प्रशासन समिति हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, शिक्षा स्थायी समिति हेतु जिला शिक्षा अधिकारी, कृषि स्थायी समिति हेतु उप संचालक कृषि, संचार तथा संकर्म स्थायी समिति हेतु कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सहकारिता और उद्योग स्थायी समिति हेतु महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, स्वच्छता-स्वास्थ्य एवं खनिज स्थायी समिति हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण स्थायी समिति हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, वन-जल संसाधन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी स्थायी समिति हेतु वनमंडलाधिकारी वनमंडल, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन स्थायी समिति हेतु जिला मिशन प्रबंधक, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन स्थायी समिति हेतु प्रभारी अधिकारी राजस्व एवं आपदा प्रबंधन जिला कार्यालय को सचिव का दायित्व सौंपा गया है।

# संभागायुक्त ने किया हास्पिटल का निरीक्षण



- अस्पताल में सुविधाओं व सेवाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

दुर्ग संभाग के आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में मौजूद सुविधाओं, सेवाओं और बुनियादी ढांचे का जायजा लिया। आयुक्त राठौर ने अस्पताल के जांच कक्ष, दवा वितरण केंद्र और प्रयोगशाला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध सेवाओं की जानकारी प्राप्त की, जिसमें प्राथमिक चिकित्सा, प्रसव और टीकाकरण आदि सेवा शामिल थी। निरीक्षण के दौरान श्री राठौर ने डॉक्टरों, नर्सों और अन्य से बातचीत की।

उन्होंने उनके दैनिक कामकाज, चुनौतियों और उनके सुझावों को ध्यान से सुना।श्री राठौर ने निर्माणाधीन पोस्टमार्टम भवन को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने पुराने और जर्जर हो चुके प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को ध्वस्त कराने के निर्देश दिए। सके। इस के दौरान डिप्टी कलेक्टर रेणुका रात्रे, डॉ प्रशांत सोनी, स्टाफ आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### अवैध कारोबार धड़ल्ले से



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने कहा कि बड़े ही दुख और चिंता का विषय है कि हमारा राजनांदगांव जिसे संस्कारधानी के नाम से भी जाना जाता है। आज भाजपा शासन आते ही अवैध कारोबारों की भेंट चढ़ता जा रहा है और प्रशासन मूकदर्शक बना बैठा हुआ है। उदाहरण स्वरूप अवैध प्लाटिंग जिलेभर में व्याप्त है। जिसका ताजा उदाहरण बाबूटोला में द्वारा काटे जा रहे प्लॉट की शिकायत सामने आई, जो पार्षद ने की थी। उक्त मामले में अब यह भी सुनने में आ रहा है कि उक्त दलाल द्वारा आसपास की सरकारी जमीन पर भी कब्जा किया हुआ है, जो कि सत्ताधारी नेताओं के संरक्षण बिना संभव नहीं है। उक्त मामले सहित अन्य कई मामले शहर भी में हैं। उक्त सभी मुद्दों पर जिलाधीश, पुलिस अधीक्षक समेत उच्च स्तरीय शिकायत जल्द ही लिखित में की जाएगी।

### रेडियो का वितरण



**छुईखदान।** आईटीबीपी ई समवाय सीओबी कटेमा के कमांडेंट तेजभान सिंह,द्वितीय कमान विनोद कुमार के मार्गदर्शन में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन कटेमा में किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत जवानों ने बोरला, महुआढार, लछना, लछनाटोला और कटेमा में ग्रामीणों को ट्रांजिस्टर वितरित किया। इस दौरान संतोष कुमार सिंह, अशोक कुमार, सरपंच कमलेश वर्मा, पंच तेजलाल आदि उपस्थित थे। भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (द) समवाय मलैदा में कमाडेंट तेजभान सिंह के नेतृत्व में उप कमांडेंट ज्योति प्रकाश ने सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया। इस मौके पर ग्रामवासियों को रेडियो वितरित किया गया। ग्रामवासियों एबं बच्चों को टॉफी, बिस्कुट प्रदान किया गया। इस मौके पर गोकुल वर्मा, रामबाई, इतवारी, आईटीबीपी के निरीक्षक प्रवीण कुमार, मनोहर सिंह, उपनिरीक्षक सुरेंद्र मान, चन्दरसिंह, पंकज, मन्नू आदि उपस्थित थे।

### घिरघोली में जनजागरण शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

शासकीय हाईस्कूल घिरघोली में शुक्रवार को युवा जागरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने मां सरस्वती की पूजन अर्चना एवं दीप प्रज्जलित कर किया। इस मौके पर श्री जंघेल ने शिक्षकों के प्रयास एवं सोच की सराहना करते हुए छात्रों को शिविर का लाभ लेने प्रेरित किया। शिविर के उद्देश्य पर प्रधान पाठक तुलेश्वर कुमार सेन ने विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ता के रूप में शीला सोनी, डॉ साधना अग्रवाल, अहिल्या साहू, बाबूलाल विश्वकर्मा, रोहणी जंघेल, सुनील यादव, मिथलेश पटेल शामिल हुए।

# केन्द्रों में पोषण पखवाड़ा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में 8 से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। पोषण पखवाड़ा अंतर्गत बच्चों के स्वास्थ्य, पौष्टिक आहार के संबंध में जानकारी दी जा रही है, ताकि बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाया जा सके।

इसी कड़ी में छुरिया विकासखंड के ग्राम हैदलकोड़ो एवं चारभाठा तथा आलीवारा के आंगनबाड़ी केन्द्र में महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों ने पंचायत प्रतिनिधियों को शामिल करते पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया।

जनसामान्य में सुपोषण के प्रति जागरूकता लाने उन्हें हरी साग-सब्जी, प्रोटीनयुक्त तिरंगा भोजन के बारे में बताया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के पौष्टिक व्यंजन को प्रदर्शित करते तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्री एवं पौष्टिक आहार के बारे में जानकारी दी जा रही है।




### सुपोषण हेतु किया जा रहा जागरूक

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास गुरप्रीत कौर ने बताया कि पोषण पखवाड़ा में बच्चों के पालकों को स्थानीय त्यौहारों में बनाए जाने वाले खाद्य पदार्थों को शामिल करते बच्चों के सुपोषण हेतु जागरूक किया जा रहा है। साथ ही कैलेंडर अनुसार जीवन के महत्वपूर्ण 1000 दिवस, गर्भावस्था के दौरान देखभाल संबंधी परामर्श, मौसमी पौष्टिक आहारों, मोटापा तथा बच्चों के स्क्रीनटाईम में कमी करने एवं उस समय का उपयोग खेलकूद गतिविधियों में करने हेतु पालकों के साथ जागरूकता सत्र विषयों पर चर्चा की जा रही है। गर्भवती माताओं का वृद्धि मापन और फोटो कैप्चर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने सामाजिक जागरूकता हेतु पोषण पखवाड़ा रथ, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना कार्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं ग्रामों में पहुंच रही है।

# ऑक्सीजोन सड़क, रिटेनिंग वॉल निर्माण की जांच हो : मुदलियार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शिवनाथ नदी के किनारे मोहारा स्थित आक्सीजन में सड़क निर्माण और रिटेनिंग वाल के निर्माण में अनियमितता पर कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार ने नाराजगी जाहिर की है।

उन्होंने कहा कि ठेकेदार और विभाग की मिलीभगत से करोड़ों का कार्य गुणवत्ताहीन निर्माण की भेंट चढ़ता जा रहा है। दूरदर्शी कार्य योजनाओं में गड़बड़ी सीधे तौर पर जनसुविधाओं से खिलवाड़ का विषय है। ऐसे मामले में तत्काल जांच और संबंधितों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि उक्त ठेकेदार द्वारा बनाई गई सुरगी-कुम्हालोरी सड़क का कार्य में भारी कमियां है। इस सड़क में फिलिंग आज भी अधूरी है। जिससे सड़क किनारे चलने वाले वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। सड़क का बेस कमजोर और गुणवत्ताहीन है। जिसके चलते इसका समतलीकरण नहीं हो सका है। कई जगहों पर उंची-नीची सड़क का निर्माण किया है। करोड़ों की लागत से बनी इस सड़क की भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग की भर्राशाही और ठेकेदार की मनमानी जनसुविधाओं को ध्यान में रखकर तैयार किए गए प्रोजेक्ट को गर्त में डाल रही है। आक्सीजोन सड़क निर्माण में खामियों की जो शिकायत मिल रही है, उसका निरीक्षण किया जाएगा। हमारी मांग है कि जिम्मेदार इस कार्य की जांच करें।

# एनएसएस इकाई ने मनाया आंबेडकर की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




कान्फ्लुएंस महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में विद्यार्थियों द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों और संघर्षों को याद करते भाषण द्वारा अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए।

प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया कि जिसने हमें अधिकार दिए, सोचने की आजादी दी और समानता का रास्ता दिखाया, ऐसे महान व्यक्तित्व डॉ. भीमराव अंबेडकर को आज राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा श्रद्धांजलि दिया गया। छात्रों के बीच भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी ने डॉ. अंबेडकर जयंती पर अपने-अपने विचार में कहा कि जो केवल एक महान नेता को यादों में नहीं है, बल्कि भारतीय समाज से समानता, न्याय और शिक्षा के प्रति के रूप में हमें एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व, जो डॉ. भीमराव अंबेडकर है, को जानने का अवसर इस आयोजन के सहारे मिला।

### अधिकार दिलाने किए प्रयास

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि बाबा साहब ने भारतीय समाज में फैली छुआछूत, जाति प्रथा और असमानता के खिलाफ आवाज उठाकर समाज के कमजोर वर्ग को अधिकार दिलाने कई प्रयास किए। उनका मानना था कि ऐसा भारत जहां हर व्यक्ति को अपने सामान अधिकार मिले, चाहे वह किसी भी वर्ग का हो। ऐसे व्यक्तित्व के धनी अंबेडकर की जयंती विद्यार्थियों ने मनाया गया। जिससे छात्रों को सामान्य एकता और भाईचारे की प्रेरणा भी मिलती है। ऐसे आयोजन से हम महान व्यक्तित्व को याद करते हैं। आयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापक घर एवं एनएसएस के छात्रों द्वारा माल्यार्पण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पीएमश्री सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट विद्यालय राजनांदगांव में स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा गरिमामय कार्यक्रम आयोजित कर किया गया। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष कमलेश सूर्यवंशी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य धनीराम देवांगन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य धनीराम देवांगन द्वारा कक्षावार परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई। जिसमें कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम 56.5 प्रतिशत, कक्षा 11वीं गणित का परिणाम 100 प्रतिशत, कक्षा 11वीं बायोलॉजी में 77.96 प्रतिशत, कक्षा 11वीं वाणिज्य में 84.21 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए। संस्था प्रमुख ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी एवं असफल विद्यार्थियों को पुनः प्रयास करने हेतु प्रेरित किया।

कक्षा 11वीं गणित हिन्दी माध्यम में योगेन्द्र साहू (80.8 प्रतिशत) प्रथम एवं साहिल कुमार साहू (68.40 प्रतिशत) द्वितीय स्थान पर रहे। 11वीं बायो हिन्दी माध्यम में मीनल मेश्राम (93.40 प्रतिशत) प्रथम एवं धावनी प्रताप (86 प्रतिशत) द्वितीय, 11वीं कार्मस हिन्दी माध्यम में डींपल सिन्हा (88 प्रतिशत) ने प्रथम एवं अनामिका मंडल (86 प्रतिशत) द्वितीय, 11वीं गणित अंग्रेजी माध्यम में हषिता साहू (93.8 प्रतिशत) प्रथम एवं रिशिका तिवारी (85.2 प्रतिशत) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 11वीं बायो अंग्रेजी माध्यम में रेशिका शेंडे (94 प्रतिशत) प्रथम एवं तेजस्व टांडेकर (93 प्रतिशत) द्वितीय स्थान पर रहे। 11वीं कामर्स अंग्रेजी माध्यम में सार्थक जैन (82.6 प्रतिशत) प्रथम एवं मोनिश साहू (79.4 प्रतिशत) ने द्वितीय स्थान पर सफलता हासिल की। मुख्य अतिथि श्री सूर्यवंशी ने सभी उत्कृष्ट विद्यार्थियों एवं उनके पालकों को बधाई दी। अंत में संस्था की व्याख्याता दीपिका राजपूत द्वारा अतिथियों एवं पालकों का अभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन व्याख्याता आस्था वैष्णव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, पालक एवं संस्था के शिक्षकगण उपस्थित थे।



### मोमेंटो और प्रमाण पत्र का वितरण

परीक्षा परिणाम की घोषणा पश्चात मुख्य अतिथि व शाला विकास समिति के अध्यक्ष कमलेश सूर्यवंशी द्वारा कक्षा में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को उनके पालकों के साथ मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से 9वीं हिन्दी माध्यम में प्रथम आभा सेन (93.33 प्रतिशत) एवं द्वितीय मीनल साहू (92.33 प्रतिशत) ने प्राप्त किया। अंग्रेजी माध्यम में नम्रता रजक (94.67 प्रतिशत) ने प्रथम एवं प्रगयान प्रसाद साहू (93 प्रतिशत) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



## सार समाचार

### पीएम आवास का लाभ दिलाने जिपं अध्यक्ष ने किया दौरा

**मोहला।** जिला पंचायत मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी मोर दुआर साय सरकार महाअभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रदेश के स्थायी प्रतिक्षा सूची एवं आवास प्लस सूची में छूटे हुए पात्र ग्रामीण परिवारों को लाभान्वित करने 15 से 30 अप्रैल तक अवधि में विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा ग्राम स्तर में स्वयं उपस्थित होकर आवास प्लस 2.0 सर्वे किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी विकासखंड-मोहला के ग्राम डुमरटोला में पात्र हितग्राहियों का सर्वे जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह द्वारा किया गया। उपरोक्त सर्वेक्षण में भारती चंद्राकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी भी उपस्थित रही। जिला पंचायत सदस्य सविता शोरी द्वारा ग्राम भुरभुसी, जिला पंचायत सदस्य नेहरू रजक द्वारा ग्राम सांगली चौकी, जिला पंचायत सदस्य शांति त्रिपुरे द्वारा ग्राम चिल्हाटी चौकी एवं जिला पंचायत सदस्य शेश्वरी धुर्वे द्वारा ग्राम ढादुटोला में समेत जिला पंचायत सदस्यद्वय नरसिंह भंडारी, लखनलाल कलामे व लक्ष्मी ललित कोसरे आवास प्लस सर्वेक्षण में भाग लेकर जागरूकता बढ़ाया।



### आज से उदयाचल में दो दिवसीय शिविर

**राजनांदगांव।** सेवाभावी संस्था उदयाचल में विगत एक वर्ष से देश के सुप्रसिद्ध डायबिटोलाजिस्ट बैंगलोर निवासी डॉ. समीथ ए. सेट्टी अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इसी कड़ी में स्व. सुरेश अग्रवाल (हीरा ग्रुप) की स्मृति में मधुमेह शिविर कल 20 एवं 21 अप्रैल को सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। शिविर प्रभारी प्रकाशचंद जैन ने बताया कि जिन्हें भी इस शिविर का लाभ लेना है, वे संपूर्ण जांच रिपोर्ट सहित अपना पंजीयनः उदयाचल नेत्र चिकित्सालय में करा सकते हैं। शिविर में संजय चोपड़ा का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। उपरोक्त जानकारी प्रचार-प्रसार प्रभारी गौतम बाफना ने दी।



### पीएम फसल बीमा योजना में जिले को प्रथम पुरस्कार

**मोहला।** छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम देशभर में एक और अवार्ड से सम्मानित होने पर गौरवान्वित हुआ है। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी को प्रधानमंत्री कृषि फसल बीमा योजना के अंतर्गत आल ओवर परफॉर्मेंस के लिए सम्मानित किया गया है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का 12वां नेशनल रिव्यु कॉन्फ्रेंस एवं 8वां नेशनल लेवल मॉनिटरिंग कमिटी 18 और 19 अप्रैल को कोवालम केरल में आयोजन किया गया। जिसमें मोहला-मानपुर जिले को ओवर ऑल परफॉरमेंस ऑन इम्प्लीमेंटेशन ऑफ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया है।



कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने यह अवार्ड प्राप्त किया है। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी नवीन जिला है। यह जिला पूर्ण रूप से कृषि पर आधारित जिला है। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के लिए खरीफ फसल हेतु धान सिंचित एवं धान असिंचित फसल अधिसूचित किया गया था। इसी प्रकार रबी फसल के अंतर्गत चना, गेहूं सिंचित, गेहूं असिंचित, राई, सरसों एवं अलसी फसल अधिसूचित किया गया था। कलेक्टर के नेतृत्व एवं निर्देशन में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का बेहत्तर क्रियान्वयन होने से जिले में बड़ी संख्या में कृषकों ने योजना अंतर्गत पंजीयन कराया था। किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ दिलाने बेहतर प्रचार-प्रसार के साथ ही किसानों को योजना का भली भांति लाभ से अवगत कराने के चलते यह पुरस्कार जिले के लिए बड़ी उपलब्धि साबित हुआ है।

### नव निर्वाचित पेंशनर प्रांताध्यक्ष का सम्मान समारोह आज

**राजनांदगांव।** पेंशनर एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रांत अध्यक्ष यशवंत देवांगन के प्रथम नगर आगमन पर पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय स्टेट हाईस्कूल हॉल में किया जा रहा है। इस सम्मान समारोह में जिलेभर के पेंशनर शामिल होंगे। इस स्वागत कार्यक्रम को सफल बनाने राजनांदगांव पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष पतराम साव, निसार अहमद, एसआर केहरी, अनिल शर्मा, रमेश भोजवानी, राकेश श्रीवास्तव, जगदीश साहू, किशुन दास साव, प्रेमलाल वर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने सभी से उपस्थित की अपील की है।

### जिपं सदस्य भुआर्य ने किया आवास सर्वेक्षण

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों के पहचान एवं सर्वेक्षण के लिए चलाए जा रहे मोर दुआर साय सरकार महाभियान के तहत जिला पंचायत सदस्य गोपाल भुआर्य द्वारा ग्राम पंचायत परेवाडीह में आवास प्लस 2.0 मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से सर्वेक्षण किया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के हितग्राही देसोदियाबाई एवं अनुसईयाबाई के आवास निर्माण हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान संबलपुर सोसायटी अध्यक्ष कपिल बघेल, सरपंच गैंदलाल सिन्हा, रोजगार सहायक भूखण भुआर्य, आवास मित्र कुबेर सिंह साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## पेज 11 का शेष

### चोरी करने घर मालिक...

रस्सी से बंधा था। मुंह-नाक को कई परत चौड़े टेप से बंद कर दिया गया था। जिससे वह न ही हल-डुल पा रहा था और न ही किसी को आवाज देकर सहायता के लिए बुला पा रहा था। गांव में बीते सालभर से चोरों के हौसले बुलंदी पर है। एक साल में गांव के दस से अधिक घरों में वारदात को अंजाम दे चुके हैं। छह माह पहले एक ही रात पांच घरों में चोरी की घटना हुई थी, पर चोर पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ पाया। पिछले सप्ताह भी दो दुकान का ताला टूटा था और गुरुवार रात को फिर यह बड़ी घटना घटी। गौरतलब हो कि इस मोहल्ले में अज्ञात चोर ने एक साल में 5 घरों को अपना निशाना बना चुका है।

## निधन



### अनिल मिंटू ग्रोवर

**राजनांदगांव।** स्वर्गीय अमरनाथ ग्रोवर के मंझले बेटे व स्व. डॉ. मेजर हरीश ग्रोवर एवं राम ग्रोवर के छोटे भाई व जग्गी ग्रोवर और शीलू ग्रोवर के बड़े भाई अनिल मिंटू ग्रोवर का आज आकस्मिक निधन रायपुर के प्राइवेट हॉस्पिटल में हो गया। वह अपने पीछे पुत्र वेदांत ग्रोवर और पुत्री रेशु सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा कल रविवार को निजी स्थान बलदेवबाग से मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी।



### आशीष झा

**राजनांदगांव।** शिवनाथ कॉलोनी राजनांदगांव निवासी आशीष झा 52 वर्ष का 18 अप्रैल को निधन हो गया। वे अपने पीछे दो बेटे, पत्नी और बुजुर्ग पिता को छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार मठपारा मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिवारिकजन, मोहल्लेवासी, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## यात्रियों पर दोहरी मार, दिक्कतों के बीच रेल यात्रा करना मजबूरी

# दर्जनों ट्रेन डायवर्ट, घंटों विलंब से चल रही गाड़ियां, यात्री हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रेल लाइन विस्तार के चलते छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली लगभग 50 ट्रेनों को कैंसिल कर दिया है। ये ट्रेनें 23 अप्रैल से 6 मई तक अलग-अलग दिनों में नहीं चलेंगी, लेकिन इससे पहले ही ट्रेनों की लेट-लतीफी के चलते यात्रीगण परेशान हो रहे हैं।

राजनांदगांव-कलमना रेल खंड के बीच तीसरी रेल लाइन को गोंदिया रेलवे स्टेशन से जोड़ने का काम चल रहा है। इस वजह से ट्रेनों को कैंसिल किया गया है। वहीं बिलासपुर-झारसुगुड़ा के बीच चौथी रेल लाइन और विद्युत कार्य के चलते कई ट्रेनों को डायवर्ट रूट से चलाया जा रहा है। जिसकी वजह से ट्रेनें काफी लेट चल रही है। इधर ट्रेनों की लेटलतीफी के चलते यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा है। डाइवर्ट रूट से आने वाली ट्रेनें कई घंटे देरी से चल रही है। जिसकी वजह से भीषण गर्मी के बीच यात्रियों को हलकान होना पड़ रहा है। यात्रीगण सुबह से रेलवे प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं और ट्रेन देर शाम स्टेशन पहुंच रही है



#### लोकल ट्रेन में बढ़ी भीड़

एक्सप्रेस ट्रेनों के देरी से चलने की वजह से बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने वाली लोकल ट्रेनों में भीड़ बढ़ने लगी है। बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने वाली लगभग सभी लोकल ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर चल रही है। जिसके चलते यात्री इस रूट पर लोकल ट्रेन से सफर कर रहे हैं। जिससे लोकल ट्रेन में भीड़ देखी जा रही है।

#### मेल पहुंची 8 घंटे लेट

हावड़ा-मुंबई सीएसएमटी मेल डाईवट रूट से झारसुगुड़ा, संबलपुर और महासमुंद होते हुए रायपुर पहुंची और राजनांदगांव स्टेशन पर अपने निर्धारित समय सुबह 10.1 मिनट के बजाय शाम लगभग 6.15 बजे पहुंची। प्रतिदिन लगभग दर्जनभर ट्रेनें देरी से चल रही है। वहीं कई ट्रेन रद्द भी हो रही है। शनिवार को गीतांजलि, समता, हमसफर, ज्ञानेश्वरी, लोकमान्य तिलक कैंसल है। वहीं हावड़ा मुंबई मेल 8 घंटे, इंटरसिटी 1 घंटा, बरौनी एक्सप्रेस 3 घंटे 45 मिनट, साइन नगर शिरडी सुपरफास्ट 5 घंटे 39 मिनट सहित अन्य टेनें काफी देरी से चल रही है।

#### नहीं मिल पा रही जानकारी

डाइवर्ट रूट की ट्रेनों के संबंध में यात्रियों को सही जानकारी नहीं मिल पा रही है। 139 और लाइव ट्रेन स्टेटस के माध्यम से भी यात्रियों को ट्रेन के आने का वास्तविक समय, देरी को लेकर जानकारी नहीं मिल पा रही है।

#### शादी सीजन में बढ़ रही परेशानी

कुछ दिनों में स्कूलों की छुट्टी और शादियों का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में ट्रेनों के रद्द होने और ट्रेनों की लेटलतीफ के चलते यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ेगी। रेल लाइन विस्तार के चलते हावड़ा मुंबई रूट पर लगभग 50 से अधिक ट्रेन प्रभावित होगी।

## नव विवाहिता को आत्महत्या के लिए किया प्रेरित, गिरफ्तार

- आए दिन करते थे मारपीट व प्रताड़ित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक नव विवाहिता को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना के धारा-108, 3 (5) बीएनएस के मुख्य आरोपी सोनल द्विवेदी पिता दुर्गेश द्विवेदी 32 वर्ष निवासी बाम्हनपारा घुमका घटना दिनांक से फरार था।

जिसे 19 अप्रैल को पता तलाश कर हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिस पर पुलिस को ज्ञात हुआ कि आरोपी व उनके परिजन द्वारा नव विवाहिता को फोन में बात करने की बात को लेकर आए दिन प्रताड़ित कर मारपीट कर घर से निकल जाने धमकी देने व दो कौड़ी के गरीब परिवार का बद्चलन कहकर मारपीट करने के कारण नव विवाहिता द्वारा आत्महत्या करना स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## मकान बनाने की बात पर मारपीट, युवक की हत्या

**छुईखदान।** मकान बनाने की बात को लेकर आरोपियों ने युवक से मारपीट कर सिर पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। इस मामले की जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत 17 अप्रैल को प्रार्थी बिसरू साहू पिता रामलाल साहू 59 साल साकिन कोड़का द्वारा मकान निर्माण के दौरान रतन ठेठवार पिता स्व. लक्ष्मण ठेठवार 50 साल, राजेन्द्र ठेठवार पिता रतन ठेठवार 34 साल साकिनान कोडका के मकान के बल्ली को काटने से आरोपियों द्वारा आवेश में आकर अरूण साहू एवं जीवन को गंदी-गंदी गाली-गालौज कर जान से मारने की धमकी देते मारपीट कर चोंट पहुंचाया। प्रार्थी बिसरू साहू की रिपोर्ट पर थाना छुईखदान में धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस के अनुसार आहत अरूण साहू पिता बिसरू साहू 35 साल साकिन कोड़का ईलाज हेतु शासकीय छुईखदान में भर्ती हुआ



था। स्वास्थ्य ठीक नहीं होने से बेहतर ईलाज हेतु हायर सेंटर रिफर किया गया था। जिसकी ईलाज के दौरान 18 अप्रैल को मृत्यु होने एवं पीएम रिपोर्ट प्राप्त होने पर प्रकरण में धारा 103(1) बीएनएस जोड़ी गई थी।

इस मामले में पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम, एसडीओपी आशारानी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर गेंदले द्वारा प्रकरण के आरोपी रतन ठेठवार पिता स्व. लक्ष्मण ठेठवार 50 साल, राजेन्द्र ठेठवार पिता रतन ठेठवार 34 साल साकिनान कोडका थाना छुईखदान को 24 घंटे के भीतर 19 अप्रैल को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जिसे आदेशानुसार ज्युडिशियल रिमांड पर सलोनी खैरागढ़ जेल भेजा गया।

## शादी समारोह में ससुराल पहुंचे युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मानपुर के उरझे गांव से मोहला विकासखंड के ग्राम बोगाटोला शादी समारोह में ससुराल पहुंचे युवक की बोगाटोला-बिरझूटोला के बीच खार में हत्या कर शव झाड़ियां में छुपा दिया गया था। घटना की सूचना मिलते ही मोहला पुलिस शव का पहचान करते इस हत्याकांड में शामिल कातिलों तक पहुंच गई है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम रंजित उर्फ संजू मांझी है, जो मानपुर विकासखंड के उरझे गांव का निवासी बताया जा रहा है। बीते 12 अप्रैल को मृतक मोहला क्षेत्र के ग्राम बोगाटोला में पारिवारिक शादी में शरीक होने आया हुआ था और रविवार से गायब था। खेत में काम करने के दौरान 16 अप्रैल की शाम ग्रामीणों



ने मृतक का शव देखा और शव मिलने की सूचना मोहला पुलिस को दी। जिसके बाद मोहला पुलिस मौके पर पहुंची थी, लेकिन रात होने के कारण कोई भी कार्रवाई नहीं हो पाया। फोरेंसिक की टीम भी मौके पर पहुंची और मौके से साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस ने गुरुवार की शाम 5 बजे शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के हवाले किया गया। थाना प्रभारी कपिलदेव चंद्रा के नेतृत्व में अलग-अलग टीम इस मामले की जांच में जुटी हुई है।

#### अब तक 2 कातिल हो गए हैं डिटेक्टर

ससुराल में हुए इस जघन्य हत्या के मामले में पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दो आरोपियों की पहचान कर ली गई है। दो से अधिक आरोपियों की आशंका पर पड़ताल के साथ हत्या को अंजाम देने की कहानी मोहला पुलिस के समक्ष आ चुकी है।

#### जांच उपरांत होगा खुलासा

इस हत्याकांड के खुलासे तक हम पहुंच गए हैं। जांच उपरांत खुलासा किया जाएगा।

**- कपिलदेव चंद्रा,** थाना प्रभारी, मोहला

## मुख्यमंत्री निवास घेराव का ऐतिहासिक होगा प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के आह्वान पर छत्तीसगढ़ में बदहाल कानून व्यवस्था के चलते महिलाओं और बालिकाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में 21 अप्रैल को मुख्यमंत्री निवास घेराव का आयोजन किया गया है। आयोजन के संबंध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई ने अपने प्रभार क्षेत्र में आयोजन को सफल बनाने की तैयारी के संबंध प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज से मिलकर प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदु को तैयारी की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन उपस्थित थे।



## शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ एक्शन..बसंतपुर में दो, डोंगरगढ़ में 1 कोचिया पकड़ाया, 84 पौवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री एवं तस्करी मामले में पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत बसंतपुर पुलिस ने दो शराब कोचियों को पकड़कर 45 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना बसंतपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि राखी बाडी के बाजू में खाली जगह पर देव कुमार साहू पिता सुकालु साहू निवासी लखोली राजीव नगर एवं मोहारा ओवरब्रिज के नीचे हेमंत कुमार उईके पिता स्व. नेमीचंद उईके निवासी बैगापारा लखोली का अवैध रूप से धन अर्जित करने की गरज से अवैध रूप से शराब ब्रिकी कर रहा है। सूचना पर निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी थाना बसंतपुर के नेतृत्व में टीम गठित कर वैधानिक कार्रवाई के लिए रवाना किया गया। गठित टीम द्वारा आरोपी देवकुमार साहू एवं हेमंत कुमार उईके को अवैध रूप से धन अर्जित करने की गरज से अवैध रूप से शराब रखते पाए जाने रंगे हाथों पकड़ा गया तथा आरोपियों के कब्जे से कुल 45 पौवा देशी मदिरा प्लेन शराब कीमती 3600 व बिक्री रकम 400 रुपए जब्त कर आरोपियों के विरूद्व पृथक-पृथक आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपीगणों के विरूद्व पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है।

**डोंगरगढ़ :** घर के सामने अवैध रूप से शराब बिक्री किए जाने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। आरोपी से पुलिस ने 39 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है। 18 अप्रैल को डोंगरगढ़ पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ईश्वर यादव नामक व्यक्ति छोटी बम्लेश्वरी मंदिर पास स्थित अपने घर के सामने अत्याधिक मात्रा में शराब रखकर अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंचकर रेड कार्रवाई की। आरोपी के घर पीछे से एक सफेद रंग की बोरी में रखे 39 पौवा रोमियो देशी मदिरा प्लेन कीमती 3120 रुपए को जब्त कर आरोपी ईश्वर यादव 30 वर्ष के विरूद्ध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## बारात शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु

- विवाह का आयोजन आज

**राजनांदगांव।** शहर के स्टेशनपारा स्थित श्री तिरूपति बालाजी मंदिर की रजत जयंती स्थापना दिवस के अवसर पर मंदिर समिति द्वारा दो दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत आज शहर में मंदिर समिति द्वारा बारात शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

भगवान श्री वेंक्टेश स्वामी के दर्शन हेतु स्टेशनपारा के मुदलियार बाड़ा में श्री तिरूपति बालाजी मंदिर की 25वीं स्थापना दिवस के अवसर पर मंदिर समिति द्वारा शनिवार को 108 कलशों के साथ भगवान का महाअभिषेक किया गया। शाम शहर में बारात शोभायात्रा निकाली गई।

#### जगह-जगह स्वागत

शोभायात्रा शहर के गायत्री मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर कामठी लाइन, भारत माता चौक, आजाद चौक, महाकाल चौक होते हुए महावीर चौक पहुंची। इस दौरान जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया। वहीं दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर में शोभायात्रा के समापन पश्चात श्री बालाजी मंदिर परिसर में महाआरती एवं 56 भोग का आयोजन किया गया।

#### जुटेंगे श्रद्धालु

मंदिर समिति के अध्यक्ष समीर पोद्दार ने बताया कि श्री तिरूपति बालाजी दरबार सेवा समिति द्वारा 20 अप्रैल को सुबह 9.30 से 12 बजे तक भगवान बालाजी का विवाह समारोह संपन्न होगा। वहीं दोपहर 12.30 बजे से प्रसादी वितरण होगा। जिसमें लगभग 5 हजार श्रद्धालुओं के लिए भंडारा स्वरूप प्रसादी की व्यवस्था की गई है।









## खबर संक्षेप

### शैक्षणिक भ्रमण में नवाचारी शिक्षण प्रणाली की अनुभव

**कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला रहमान कापा में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ अंबेडकर की छायाचित्र में माल्यार्पण व पुष्पाजंलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मेहंदी, चित्रकला, कविता और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया साथ ही साथ विद्यार्थियों को चॉकलेट वितरित की गई, जिससे छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठें।

# वन नेशन-वन इलेक्शन विषय पर भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भाजपा द्वारा शनिवार को विवेकानंद भवन कवर्धा में वन नेशन-वन इलेक्शन विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं भारत माता, पं दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यशाला में सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी व जिला प्रभारी एवं पंचायत प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक रामकुमार भट्ट ने संबोधित किया। अपने उद्बोधन में सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि वन नेशन-वन इलेक्शन देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इससे बार-बार चुनावों से होने वाले खर्च, आचार संहिता की बाधाएं और प्रशासनिक




अड़चनों को कम किया जा सकता है। वहीं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि यह पहल न केवल संसाधनों की बचत करेगी, बल्कि शासन प्रणाली को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाएगी। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव से जनता को भी बार-बार मतदान की प्रक्रिया से नहीं गुजरना होगा।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे वन नेशन-वन इलेक्शन विषय को लेकर सामाजिक विमर्श प्रारंभ करें और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाएं। साथ ही साथ पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने अपने वक्तव्य में कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे इस विषय को जन-जन तक पहुंचाए और ग्रामीण क्षेत्रों में संवाद स्थापित कर आम जनता को इस व्यवस्था के लाभों से अवगत कराएं। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि पार्टी की यह जिम्मेदारी है कि वह जनता और शासन के बीच सेतु का कार्य करे और लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक मजबूत बनाए। जिला प्रभारी रामकुमार भट्ट ने कहा कि पंचायत स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक एक समान चुनाव प्रणाली देश की राजनीतिक स्थिरता और विकास को गति दे सकती है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से इस जन-जागरूकता अभियान से जुड़ने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री क्रांति गुप्ता ने किया तथा आभार प्रदर्शन भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल ठाकुर द्वारा किया गया।

इस कार्यशाला में पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, डॉ सियाराम साहू, गोपाल साहू, जिला महामंत्री संतोष पटेल, नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, विदेशीराम धुर्वे, नितेश अग्रवाल, रूपेश जैन, देवकुमारी चंद्रवंशी, परेटन वर्मा, संजय साहू, जनपद अध्यक्ष सुषमा बघेल, नंदनी साहू, नपं अध्यक्ष विजय पाटिल, धुरवाराम साहू, सरिता सोनी, दीपा धुर्वे सहित भाजपा के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

**समस्या:** शिकवा-शिकायत के बाद स्थिति जस की तस, जिम्मेदार बेपरवाह

# बुनियादी सुविधाओं के लाभ से वंचित बरबसपुर क्षेत्र के ग्रामीण, बढ़ी परेशानियां

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलो मीटर दूर स्थित ग्राम बीजाझोरी से बरबसपुर, डबराभाट से बरबसपुर, दौजरी से डबराभाट, नाऊडीह से घुकसा व नाऊडीह से बीजाझोरी तथा सारंगपुर खुर्द से बाझीमौहा एवं सारंगपुर खुर्द से जमुनिया कच्ची मार्ग जर्जर व बदहाल होने से ग्रामीणों व राहगीरों को आवाजाही में भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रहवासी ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र ग्रामीण जन बुनियादी सुविधाओं के लिए 35 वर्षो से जुझ रहे है साथ ही साथ ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित नजर आ रहें है। जिस पर ग्रामीणों ने कई बार शासन प्रशासन व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को शिकवा-शिकायत कर कच्ची सड़क की नवीनीकरण तथा सुधार कार्य की मांग की गई लेकिन विभागीय अधिकारियों की भारी अनदेखी की खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। कच्ची सड़क अत्यंत जर्जर होने के कारण भारी धूल उड़ने से आवाजाही बाधित साथ ही साथ ग्रामीण व राहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहे है। वहीं दूसरी ओर भीषण गर्मी व उमस से इस मार्ग पर वाहनों के चलते उठने वाली धूल-गुब्बारे से रहवासियों की सेहत पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। जिस पर क्षेत्र के ग्रामीणों ने शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान देने तथा कच्ची सड़क जर्जर व बदहाल मार्ग की मरम्मत और सुधार कार्य की मांग की गई ताकि क्षेत्र के ग्रामीणों को बुनियादी सुविधा का लाभ मिल सकें।





## स्कूली छात्र छात्राओं को आवागमन में उठानी पड़ रही भारी दिक्कते

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार आज पर्यन्त तक ग्रामीण जनों को बुनियादी सुविधा का लाभ नहीं मिल पाई है, इसलिए क्षेत्र के रहवासी आर्थिक दुर्दशा पर आसु बहा रही है। वहीं आने जाने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नए-नए जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र के ग्रामीण जनता को भारी उम्मीदे है। लेकिन आज भी बुनियादी सुविधा नही मिल पाई है। ग्रामीणों ने बताया कि सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली छात्र छात्राओं को उठानी पड़ती है। क्योकि बरसात के दिनों में कच्ची सड़क कीचड़ से लथपथ होने से पैदल चलना दुर्भर हो जाती है।

# जैन समाज पंडरिया ने साधु-संतों पर हमले का किया विरोध



■ साधु-साध्वी भगवंतों की सुरक्षा की मांग को लेकर निकाली गई अहिंसा रैली।

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

गत दिनों मध्यप्रदेश के सिंगोला के पास ग्राम कछाला में हनुमान मंदिर में विश्राम कर रहे जैन संतों पर असामाजिक तत्वों द्वारा रुपए की मांग करते हुए जैन संतों पर प्राण-घातक हमला किया गया। जिससे सम्पूर्ण जैन समुदाय के लोगो में भारी रोष व्याप्त है, जैन संत जो की सत्य व अहिंसा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते है, ऐसे संतों पर हमला निंदनीय है। जिस पर जैन समाज द्वारा असामाजिक तत्वों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग करते हुए सम्पूर्ण भारतवर्ष में पैदल विचरण करने वाले साधु-साध्वी भगवंतों की सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम हेतु अहिंसा रैली निकालकर अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से देश के महामहिम राष्टपति, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ एवं जिलाधीश कबीरधाम के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग करते है की सम्पूर्ण भारतवर्ष के साधु-साध्वी भगवंतों की सुरक्षा व्यवस्था हेतु स्थानीय पुलिस प्रशासन को निर्देशित करने हेतु पत्र जारी कर समाज के साधु साध्वी भगवंतों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। वहीं रैली में जैन समाज की महिलाएं, पुरुष व बच्चे सभी एकजुट होकर शांतिपूर्ण रूप से अपनी मांग को लेकर जैन मंदिर से तहसील कार्यालय में तहसीलदार को सुरक्षा हेतु ज्ञापन सौपा। इस दौरान प्रमुख रूप से जैन समाज अध्यक्ष हरीश जैन, उपाध्यक्ष ललित जैन, सचिव अशोक जैन, सह सचिव दीपक जैन, सदस्य शिखरचंद जैन, चन्द्रविजय जैन, विकास जैन, अनिल जैन, सिद्धार्थ जैन, विजय जैन, अजय जैन, कोमल डाकलिया, विक्की जैन, श्रेयांस जैन, अजय बंगानी, विवेक जैन, श्रीमती गोल्डी जैन, श्रीमती ममता बंगानी, श्रीमती आशु जैन सहित गणमान्य नागरिक तथा ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# ग्रामीणों ने की क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की मांग




हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कुण्डा, दामापुर, रूसे व कोलेगांव क्षेत्र में फायर ब्रिगेड उपलब्ध कराने की मांग ग्रामीणों द्वारा शासन प्रशासन से की गई। जिस पर दिनेश पाण्डेय ने बताया कि आगजनी की घटना होने पर कबीरधाम व पंडरिया से फायर ब्रिगेड बुलाना पड़ता हैं, इससे आग पर काबू नही पाया जा सकता है। गर्मी व उमस भारी मौसम में आए दिन क्षेत्र में आगजनी से खेतों में रखे भूसा व पैरावट में जलकर राख हो जाते है। श्री पाण्डेय ने बताया कि आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को देने के बाद वह आधे से एक घंटे के बाद मौके पर पहुंचती है। इससे किसानों को भारी परेशानी व नुकसान उठानी पड़ती है।

यदि क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की सुविधा मिलेगी तो समय पर आग पर काबू पाया जा सकेगा। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों से मांग कह है कि जल्द से जल्द क्षेत्र फायर ब्रिगेड उपलब्ध कराई जाए ताकि समय पर आगजनी की घटनाओं को रोका जा सके।

# ओड़ाडबरी व सुकली-गोविंद से मोर द्वार साय सरकार महाभियान की शुरुआत, सभापति रामकुमार भट्ट ने किया आवास प्लस सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राज्य सरकार के मोर द्वार साय सरकार महाभियान अंतर्गत शुक्रवार को नव-निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट ने ग्राम पंचायत ओड़ाडबरी एवं सुकली-गोविंद का संघन दौरा किया। वहीं ग्रामवासियों ने उनका पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया और इस अवसर पर सरपंच ने गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया। सरपंच ने पंचायत भवन में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि इस महाभियान की शुरुआत ग्राम से होना



हम सभी के लिए गर्व की बात है। इस अभियान के दौरान गांव में ग्रामीणों के घरों तक पहुंचकर आवास प्लस सर्वे किया गया। जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट ने बताया कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए यह महाभियान चलाया जा रहा है, जिसमें ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए प्राथमिकता से काम किया जाएगा। गांव के लोगों ने जनप्रतिनिधियों के समक्ष अपनी-अपनी समस्याएं रखीं। जिस पर जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उन्हें जल्द सुलझाने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर सरपंच, उप सरपंच, रोजगार सहायक, आवास मित्र सहित ग्रामीणजन उपस्थित थें।

## मोर द्वार साय सरकार अभियान की शुरुआत घर-घर पहुंचकर किया सर्वे



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम सैहामालगी जनपद उपाध्यक्ष छत्र किशोर सानू तिवारी द्वारा मोर द्वार साय सरकार अभियान की शुरुआत घर-घर पहुंचकर किया गया। वहीं सर्वे के तहत शनिवार को सैहामालगी पंचायत के घर-घर जाकर सर्वे कार्य का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा हर घर पक्का मकान के अभियान को आगे बढ़ाया जा रहा है, किसी गरीब का नाम सर्वे सूची में ना छुटे इस उद्देश्य के साथ सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होने कहा कि आने वाले समय में हर पात्र ग्रामीण परिवार को पक्का एवं सुरक्षित घर मिले ताकि हर जरूरत मंद को योजना का लाभ मिल सके। इस उद्देश्य से घर-घर जाकर मकान की स्थिति देखी और प्रधानमंत्री आवास के तहत हितग्राहियों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके।

# राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ का निर्वाचन संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ जिला शाखा कबीरधाम का निर्वाचन पूर्ण हुआ। शुक्रवार को कावड़िया भवन भोरमदेव में निर्वाचन किया गया। पूर्व अध्यक्ष पालेश्वर सिंह ठाकुर एवं पूर्व सचिव प्रवीण चंद्रवंशी के कुशल मार्गदर्शन में बोड़ला तहसील अध्यक्ष लिलक राम साहू एवं उनकी टीम द्वारा बोड़ला तहसील अंतर्गत कावड़िया भवन भोरमदेव में निर्वाचन कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न कराया गया। निर्वाचन हेतु पर्यवेक्षक के रूप में मुंगेली जिलाध्यक्ष कपूर किशन महिलांगे उपस्थित हुए थे। जिला अध्यक्ष पद हेतु दो नामांकन फॉर्म भरे गए थे, इनमें गेंदुराम मेरावी 89 मत प्राप्त कर अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचित हुए। साथ ही सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु एक-एक फॉर्म भरा गए। रविकांत आमदे जिला सचिव एवं गिरवर मेरावी जिला कोषाध्यक्ष हेतु निर्विरोध निर्वाचित हुए। वहीं पर्यवेक्षक द्वारा अध्यक्ष पद हेतु गेंदुराम मेरावी, सचिव पद हेतु रविकांत आमदे एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु गिरवर मेरावी को निर्वाचित घोषित करते हुए निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया गया। निर्वाचन में जिले के कुल 178 पटवारियों में 149 पटवारी उपस्थित होकर मतदान किया। गेंदुराम मेरावी पूर्व में भी जिला कबीरधाम अध्यक्ष पद पर कार्य कर चुके हैं। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम मिलकर कार्य करेंगे और संघ को मजबूती के साथ आगे बढ़ाएंगे।

**ग्राम गुढ़ा में साहू ने किया आवास योजना का सर्वे**

# मोर द्वार साय सरकार अभियान में वीरेन्द्र ने निभाई भागीदारी



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पात्र हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के उद्देश्य से मोर द्वार साय सरकार महाअभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गत शुक्रवार को जिला पंचायत के सभापति वीरेन्द्र साहू ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के ग्राम गुढ़ा में प्रधानमंत्री आवास के पात्र हितग्राहियों से मुलाकात की और उन्हें केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान वीरेन्द्र साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पात्र परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि मोर द्वार साय सरकार महाअभियान का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। जिला पंचायत सभापति ने कहा कि मोबाइल ऐप के माध्यम से पारदर्शी तरीके से सर्वे किया जा रहा है, जिससे किसी भी पात्र हितग्राही को योजना से वंचित न रहना पड़े। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और 30 अप्रैल तक अपना सर्वे जरूर कराएं। श्री साहू ने अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अपने क्षेत्र के पात्र हितग्राही का प्रतीकात्मक सर्वे कर हितग्राही का ऑनलाइन फार्म भरकर हितग्राही को श्रीफल व गुलदस्ता भेटकर बधाई दी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि 30 अप्रैल तक चलने वाले इस सर्वे में सभी सक्रिय भागीदारी निभाएं। जो परिवार रोजगार के लिए बाहर हैं, वे भी समय निकालकर गांव लौटें और अपना सर्वे करवाएं, ताकि उन्हें योजना का लाभ मिल सके। यह अभियान राज्य सरकार की जनकल्याणकारी सोच को धरातल पर उतारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे ग्रामीण अंचलों में आवासहीनों को पक्का मकान मिल सकेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से जनपद सभापति रूपेंद्र सिन्हा, जनपद सदस्य मनोज बंजारे, सरपंच गणेश बर्वे, चतुर साहू, नीलू धुर्वे, कृष्णा साहू, भीखम सिन्हा, धर्मेंद्र रात्रे, कुंदन साहू, रामजी साहू, रोहित साहू, यशवंत साहू, इतनू साहू, ग्राम पंच, आवास मित्र, रोजगार सहायक सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## कुण्डा में श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ को लेकर परिचर्चा आयोजित



**हरिभूमि कुण्डा।** श्रीलक्ष्मी नारायण यज्ञ को लेकर श्री हरि मंदिर कुण्डा में बोल बम समिति कुण्डा का परिचर्चा बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी 30 अप्रैल से आयोजित होने वाली श्रीलक्ष्मी नारायण यज्ञ को लेकर मां महामाया बोल बम समिति कुण्डा की बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। जिसमें धर्म नगरी कुण्डा के मध्य स्थल व श्रीहरि मंदिर के पास एवं थाना कुण्डा के सामने भव्य महायज्ञ 30 अप्रैल से 8 मई तक श्रीलक्ष्मी नारायण यज्ञ कार्यक्रम आयोजन के संदर्भ में आयोजक समिति, मां महामाया बोल बम समिति व ग्रामवासी तथा पंचायत प्रतिनिधियों का बैठक आहूत किया गया, जिसमें कार्यक्रम की व्यवस्थापन रूपरेखा की तैयारियों के संदर्भ में विचार-विमर्श किया गया।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**वारदात:** अज्ञात आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद फरार, जांच में जुटी कुकदुर पुलिस

# कोठार में सो रहे बुजुर्ग की कुल्हाड़ी मारकर हत्या


हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में लगातार बढ़ रही हत्या की वारदातों के बीच कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम कौआनार में शनिवार की तड़के अज्ञात आरोपियों ने एक ग्रामीण बुजुर्ग की कुल्हाड़ी मारकर निर्मम हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी होने के बाद परिजनो द्वारा वारदात की सूचना कुकदुर पुलिस को दी गई।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद मृतक का शव बरामद कर लिया है वहीं अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उनकी खोजबीन शुरू कर दी गई है लेकिन अभी तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुकदुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत बदना के आश्रित ग्राम कौआनार निवासी करिया मरकाम पिता मानसिंह मरकाम आयु करीब 50 वर्ष शनिवार की सुबह अपने कोठार के बाहर लकड़ी की खाट डालकर तथा मच्छरदानी लगाकर सो रहा था।

बताया जाता है कि इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने मौके पर पहुंचकर करिया मरकाम के सिर तथा गर्दन पर कुल्हाड़ी से प्राणघातक हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया और मौके से फरार हो गए। बताया जाता है कि काफी समय तक जब करिया मरकाम के कोठार से घर नहीं आने पर जब उसकी बहु अपने ससुर की सुध लेने कोठार पहुंची तो उसकी आंखे फटी की फटी रह गई। उसके ससुर करिया मरकाम का खून से लतपथ शव खाट पर पड़ा था।

जिसे देख वह चीखती चिल्लाती वापस अपने घर पहुंची और इसकी जानकारी अपने परिजनो के साथ पड़ोस के लोगों को दी। इस बीच घटना से कुकदुर पुलिस को भी अवगत कराया गया। लेकिन पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही घटना स्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। बाद में पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और प्रारंभिक तौर मौका मुआयना कर मृतक के परिजनो व ग्रामीणों से पूछताछ कर पंचनाम पश्चात मृतक के शव को अपने कब्जे में ले लिया। वहीं पुलिस ने मृतक के परिजनो की रपट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। वहीं ग्राम कौआनार में इस तरह की सनसनी खेज वारदात के सामने आने के बाद मृतक परिजनो के साथ ही ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।



### सोई हुई अवस्था में ही कर दी गई हत्या?

घटना स्थल की स्थिति परिस्थिति को देखकर इस बात की आशंका जताई जा रही है कि हत्या के आरोपी मृतक के जान पहचान के ही हो सकते हैं जिन्हें इस बात की पहले से ही जानकारी रही है कि करिया मरकाम अपने घर से बाहर कोठार में अकेला सोता है। जिसका बेजा फायदा उठाते हुए आरोपियों ने उसकी संभवतः सोई हुई अवस्था में ही कुल्हाड़ी मारकर निर्मम हत्या कर दी।

### जमीन विवाद के चलते हत्या की आशंका

सूत्रों की माने तो इस निर्मम हत्या का कारण जमीन विवाद हो सकता है। क्योंकि कुछ वर्ष पूर्व करिया मरकाम ने ग्राम बाटी पथरा में जमीन की अदला बदली की थी। बताया जाता है कि इसी जमीन को लेकर उसका विवाद चल रहा था। हालांकि पुलिस हत्या के इस मामले को सभी एंगल से देख रही है और मामले की जांच कर रही है। देखने वाली बात होगी की हत्या के आरोपी कब तक पुलिस के हत्थे चढ़ते हैं।

### घटना स्थल से पुलिस को लगे कई अहम सुराग, एक हिरासत में

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना स्थल से कुकदुर पुलिस को कुछ अहम सुराग लगे है। जिसके आधार पर पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में भी लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। सूत्रों की माने तो पुलिस को मौके से एक आधार कार्ड और पास बुक मिली है। जिसके आधार पर पुलिस ने संबंधित व्यक्ति की पहचान कर उसे हिरासत में लिया है। हालांकि इस मामले में अभी पुलिस भी कुछ भी बताने से इंकार कर रही है।

# घरों से कीमती लकड़ी जब्त वन विभाग ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज
⏭कवर्धा/पंडरिया



जिले के जंगलों में लगातार हो रही अवैध कटाई की शिकवा शिकायतों के बीच शनिवार को वन विभाग पंडरिया की टीम ने मुखबिर की सूचना पर नगर के एक मकान में दबिस देकर बड़ी मात्रा में सागौन प्रजाति की कीमती अवैध लकड़ी तथा सागौन लकड़ी से बने सामान को जप्त किया है। वन विभाग की इस जप्ती को देख सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि पंडरिया क्षेत्र के जंगलों में वन विभाग की नाक के नीचे किस हद तक कीमती प्रजाति के पेड़ो की अवैध कटाई चल रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र पंडरिया पूर्व एवं पश्चिम के वन अमला द्वारा मुखबिर की सूचना पर पंडरिया नगर पालिका के क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01 समरूपारा निवासी भागीरथी सत्यम पिता भगऊ सत्यम के निवास में दबिश देकर अवैध रूप से संग्रहित की गई सागौन प्रजाति के 253 नग 1.205 धन मीटर लकड़ी कीमत 93,382.00 रूपए एवं पंडरिया नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत सतीश नगर में राहुल पिता लेखराज बंजारे के निवास से अवैध रूप से संग्रहित की गई सागौन प्रजाति के 05 नग 0.013 घन मीटर लकड़ी भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33(1) ख धारा 52, काष्ठ चिरान अधिनियम धारा (क) बिना अनुमति आरा मशीन उपयोग करना के अनुसार जप्ती की कार्यवाही की गई है।

### कार्रवाई के बाद वन विभाग पर उठाए जा रहे सवाल

भले ही मुखबिर की सूचना पर इस कार्यवाही को अंजाम देकर वन विभाग और उसके आला अधिकारी अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। लेकिन अंचल के पर्यावरण प्रेमी वन विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए सवाल कर रहे हैं कि आखिर इन लोगों के पास इतनी बड़ी मात्रा में सागौन प्रजाति की अवैध लकड़ी कहां से आई। क्या इन कीमती इमारती लकड़ियों का संग्रह पंडरिया क्षेत्र के जंगलों से किया गया है। फिर सवाल यह भी उठ रहा है कि इस अवैध कटाई के बाद जब लकड़ी को पंडरिया नगर के ठिकानो तक लाया गया तब वन विभाग क्या कर रहा था। मतलब साफ है कि वन विभाग अपने दायित्वों के प्रति उतना गंभीर नहीं जितना उसे होना चाहिए। अगर ऐसा होता तो वन विभाग को इस तरह की जप्ती की कार्यवाही करने की जरूरत ही नहीं पड़ती और जंगल काट कर घरों में संग्रहित नहीं किए जाते।

## खबर संक्षेप

### कवर्धा नगर में तालाब स्वच्छता अभियान आज



**कवर्धा।** नगर के तालाब स्वच्छता अभियान के तहत नगर पालिका कवर्धा के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी द्वारा 20 अप्रैल रविवार को नगर के राधाकृष्ण मंदिर बड़े तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के तालाब स्वच्छता अभियान के तहत नगर पालिका कवर्धा के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी द्वारा 20 अप्रैल रविवार को प्रातः 6.00 बजे राधाकृष्ण मंदिर बड़े तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें नगर पालिका प्रशासन, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्था तथा शहरवासी शामिल होंगे।

### हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने के निर्देश

**कवर्धा।** वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाने के निर्देश राज्य के परिवहन विभाग ने दिए गए हैं। इस संबंध में विभागीय जानकारी के मुताबिक एचएसआरपी की सुविधा जिला परिवहन कार्यालय में उपलब्ध होगी। वाहन स्वामी के पंजीकृत वाहन में मोबाइल नंबर अपडेट करने के लिए परिवहन कार्यालय में काउंटर की संख्या बढ़ाने कहा गया है। एचएसआरपी लगाने की सरल, सुलभ प्रक्रिया तथा वेबसाइट के उपयोग करने के संबंध में जागरूक किया।

# संभागायुक्त राठौर ने किया स.लोहारा तहसील का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



दुर्ग संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने 19 अप्रैल को दोपहर 12 बजे सहसपुर लोहारा तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील न्यायालय में दर्ज प्रकरणों, लंबित मामलों तथा सुनवाई के लिए निर्धारित तैयार प्रकरणों की विस्तृत जानकारी ली। संभागायुक्त ने त्रुटि-सुधार संबंधित प्रकरणों की विशेष रूप से समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि ऐसे सभी मामलों में पक्षकारों को अनिवार्य रूप से नोटिस जारी किए जाएं, जिससे समयबद्ध रूप से सुनवाई एवं निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि राजस्व संबंधी जनसमस्याओं का निराकरण संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए। उन्होंने राजस्व निरीक्षकों एवं हल्का पटवारियों के लिए निर्देशित किया कि वे जांच प्रतिवेदन एवं समीकन प्रतिवेदन समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कराना सुनिशित करें। साथ ही उन्होंने राजस्व कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखते हुए गति लाने पर सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीसीएस (रबी फसल) कार्य की भी समीक्षा की गई। श्री राठौर ने इस दिशा में तत्परता दिखाते हुए दो दिवस के भीतर शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार विवेक कुमार गोहिया ने सभी आवश्यक जानकारियां प्रस्तुत कीं।

# मनरेगा के काम की स्वीकृति नहीं मिलने से जिले के ग्रामीण मजदूर बेराजगार: चोवाराम साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



ग्रामीण मजदूरों का पलायन रोकने और उन्हें अपने गांव में ही सौ दिनो का रोजगार उपलब्ध कराने केन्द्र की तात्कालिक यूपीए सरकार ने वर्ष 2005 में मनरेगा योजना का शुभारंभ किया था। लेकिन जब से केन्द्र में मोदी और प्रदेश में विष्णुदेव की भाजपा सरकार काबिज हुई तब से इस जनकल्याणकारी योजना को हांसिए पर रख दिया गया है। स्थिति ये है कि छत्तीसगढ़ राज्य सहित कबीरधाम जिले के मजदूरों को इस योजना का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है और वे रोजगार के लिए भटक रहे हैं। उक्त बातें कवर्धा कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष चोवाराम साहू ने जारी बयान में कहीं। उन्होने केन्द्र की मोदी और प्रदेश की विष्णुदेव सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य सहित कबीरधाम जिले में इस वर्ष मनरेगा योजना के तहत पर्याप्त नए कार्यो की स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है। उन्होने कहा कि ग्रीष्म ऋतु के इस सीजन में खेती किसानी के काम नहीं होने के कारण अधिकांश ग्रामीण मजदूरों के पास रोजी रोजगार की गंभीर समस्या खड़ी हो जाती है। ऐसे में उनके पास मनरेगा योजना ही एक सहारा है जिसमें वे मजदूरी कर आर्थिक आय अर्जित कर अपना और अपने परिवार का गुजर बसर कर सकते हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि भाजपा सरकार के राज में इन ग्रामीण मजदूरों को मनरेगा में कोई काम नहीं मिल पा रहा है। श्री साहू ने आरोप लगाया कि कर्ज के बोझ तले दबी प्रदेश की भाजपा सरकार अपनी चुनावी घोषणाओं का संचालन मनरेगा योजना के मद से कर रही है। उन्होने बताया कि प्रदेश में मनरेगा योजना की राशि का उपयोग अन्य योजनाओं के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना में किए जाने की आशंका जताई जा रही है यही वजह है कि मनरेगा योजना के तहत इस वर्ष पर्याप्त कार्य स्वीकृत नहीं किए गए है। जो की मनरेगा के मजदूरों के साथ धोखा है, अन्याय है। श्री साहू ने कहा कि यह विधि संगत नहीं है कि आप एक योजना का संचालन करने के लिए दूसरी योजना का गला घोंट दें। उन्होने केन्द्र व राज्य सरकार से मांग की है कि ग्रामीण मजदूरों के हितों को ध्यान में रखते हुए मनरेगा योजना के तहत तत्काल नए कार्यो की स्वीकृति प्रदान की जाए।

# टीचर्स एसोसिएशन ने केन्द्र के समान महंगाई भत्ता की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने राज्य के कर्मचारियों को केंद्रीय कर्मचारियों के समान 55 प्रतिशत मंहगाई भत्ता देने की मांग किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि वर्तमान में राज्य के कर्मचारियों को 53 प्रतिशत मँहगाई भत्ता प्रदान किया जा रहा है, जो केन्द्रीय कर्मचारियों से दो प्रतिशत कम है। केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के मँहगाई भत्ते में विगत एक जनवरी से दो प्रतिशत वृद्धि किया है। प्रदेश भाजपा ने मोदी की गारंटी 2023 में प्रदेश के कर्मचारियों को केन्द्र सरकार द्वारा दिए जाने वाले डीए के समान ही डीए देने का वादा किया है। अतः प्रदेश सरकार राज्य के कर्मचारियों को विगत जनवरी से दो प्रतिशत मँहगाई भत्ता देने का आदेश अविलंब जारी करे। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल आदि ने कहा कि राज्य कर्मचारियों के मंहगाई भत्ते को सन 2019 से समय पर नहीं दिया जा रहा है। अतः जुलाई 2019 से देय तिथि पर मंहगाई भत्ते के एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ व सीजीपीएफ खाता में अविलंब किया जावे।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में आग सुरक्षा प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

दिल्ली पब्लिक स्कूल में शनिवार को एक व्यापक आग सुरक्षा प्रदर्शन अग्निशमन के अधिकारी एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों, वाहन चालकों सहित स्कूल में उपस्थित लोगों को आग से सुरक्षा के उपायों के प्रति जागरूक करना था। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने इस दौरान आग बुझाने के उपकरणों के सही प्रयोग का प्रदर्शन किया और आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया के तरीकों पर जानकारी दी। प्रदर्शन में विशेष रूप से आग बुझाने के यंत्र के प्रकार, उनकी कार्यप्रणाली और आग लगने की स्थिति में प्राथमिक सुरक्षा उपायों को विस्तार से समझाया गया।

## मौसम की मार...



**कोलेगांव।** इन दिनो अंचल का बिगड़ेल मौसम आफत खड़ी कर रहा है। प्रातः हर रोज तेज आंधी, तूफान की स्थिति निर्मित हो रही है। बताया जाता है कि शनिवार की दोपहर जिले के विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम भगतपुर में संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में लगा एक बरगद का पेड़ तेज आंधी तूफान में धराशाही हो गया।

**कवर्धा नगर की सुधा वाटिका का किया निरीक्षण, संदिग्धों को दी गई चेतावनी**

# पुलिस व नगर पालिका ने स्वच्छता व सुरक्षा के लिए चलाया संयुक्त अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



नगरवासियों को एक सुरक्षित, स्वच्छ और पारिवारिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल करते हुए नगर पालिका और पुलिस प्रशासन ने सुधा वाटिका में औचक निरीक्षण कर एक स्पष्ट संदेश दिया कि अब उद्यानों में असामाजिक तत्वों की कोई जगह नहीं। निरीक्षण के दौरान संयुक्त निरीक्षण दल में शामिल नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, एसडीओपी कृष्णा चंद्राकर, कोतवाली थाना प्रभारी लालजी सिंहा, नगर के सभी पार्षदगण व पुलिस अधिकारियों ने पार्क की स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा इंतज़ाम और उपस्थित लोगों की गतिविधियों का बारीकी से परीक्षण किया गया। इस दौरान टीम ने पार्क में मौजूद कुछ संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की तथा उन्हें कड़ी चेतावनी देते हुए साफ कर दिया गया कि उद्यानों में किसी भी प्रकार की अश्लील, आपत्तिजनक या आपराधिक गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पार्क बच्चों, बुजुर्गों और परिवारों के सुकून का स्थान हैं, असामाजिक जमावड़ों का नहीं। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा, उद्यान केवल हरियाली के प्रतीक नहीं, समाज की चेतना का केन्द्र होते हैं। हमारा उद्देश्य उन्हें सभी वर्गों के लिए सुरक्षित और स्वागतयोग्य बनाना है। वहीं एसडीओपी कृष्णा चंद्राकर ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य भयमुक्त वातावरण तैयार करना है। औचक निरीक्षण जारी रहेंगे और संदिग्ध गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई होगी। इस संपूर्ण अभियान का संचालन पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल व पंकज पटेल के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशासन ने सभी शहरवासियों से आह्वान किया है कि वे पार्कों की सुरक्षा और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, जिससे समय पर कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

## शिखर युवा मंच के नेतृत्व में दो दिवसीय क्षेत्रीय भ्रमण एवं समीक्षा कार्यक्रम का सफल आयोजन




**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड के अंतर्गत ग्रामों में सामाजिक बदलाव की दिशा में निरंतर सक्रिय शिखर युवा मंच द्वारा 17 और 18 अप्रैल 2025 को दो दिवसीय क्षेत्रीय भ्रमण एवं समीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन से सुश्री प्रियंका ने विशेष सहभागिता निभाई और परियोजना क्षेत्र के ग्रामों में से तीन ग्राम कुकरापानी, भरतपुर एवं धुमाछापर का भ्रमण कर जमीनी प्रयासों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। यह कार्यक्रम संस्था के संस्थापक एवं प्रमुख भूपेश वैष्णव के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिनकी दूरदृष्टि एवं मार्गदर्शन में संस्था निरंतर ग्राम विकास, वनाधिकार और समुदाय सशक्तिकरण जैसे जटिल विषयों पर प्रभावी कार्य कर रही है। भ्रमण के दौरान सुश्री प्रियंका ने ग्राम स्तर पर संचालित सामुदायिक समितियों के साथ संवाद कर सीएफआर एवं आईएफआर संबंधी कार्यों की गहन समीक्षा की। बैजलपुर कार्यालय में आयोजित टीम बैठक में संस्था द्वारा विगत वर्षों में किए गए कार्यों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान सुश्री प्रियंका ने संस्था की टीम की प्रतिबद्धता, कार्यों की गहराई और दस्तावेजी संधारण की अनुकरणीय प्रक्रिया की विशेष सराहना की। उन्होंने इसे एक अनुकरणीय उदाहरण बताते हुए कहा कि शिखर युवा मंच की कार्य संस्कृति, समुदाय के साथ इसकी निकटता और दस्तावेजों की पारदर्शी व्यवस्था ग्रामीण विकास की दिशा में एक उत्कृष्ट मॉडल है। संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव ने आगंतुक अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की समीक्षाएं हमारी टीम के उत्साहवर्धन और दिशा.निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि शिखर युवा मंच आने वाले समय में भी समुदाय.आधारित विकास के क्षेत्र में अपनी प्रभावी भूमिका निभाता रहेगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव के साथ संस्था के समर्पित सदस्यचन्द्रकांत सेटकर, अयोध्या जायसवाल, संतोष साकत, घुरवा राम धुर्वे, श्रीमती कमलेसिन मसकोले, श्रीमती ममता धुर्वे, विष्णु मेरावी एवं शत्रुहन मेरावी सक्रिय रूप से उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।